26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

चिंगारी

बिजनौर : गुरुवार, 12 नवम्बर, 2026
अंक- 18 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 12

राम मंदिर ने बदली अयोध्या की अर्थव्यवस्था

सालभर गुलजार बाजार 10 गुना तक बढ़ा कारोबार



अयोध्या (एजेंसी/चिंगारी)। भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण और रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा केवल धार्मिक और सांस्कृतिक इतिहास का बड़ा अध्याय नहीं बना, बल्कि इसने रामनगरी की आर्थिक गतिविधियों को भी नई दिशा दी है। कभी साल के चुनिंदा पर्वों, धार्मिक आयोजनों और मेलों के दौरान गुलजार रहने वाला अयोध्या का बाजार अब साल के 12 महीने श्रद्धालुओं और पर्यटकों की आवाजाही का गवाह बन रहा है। राम मंदिर में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ का सीधा असर अब शहर की अर्थव्यवस्था, रोजगार और कारोबार पर दिखाई देने लगा है। लेकिन इस बदलाव की असली कहानी किसी सरकारी आंकड़े या विकास परियोजना के ब्योरे में नहीं, बल्कि उन लोगों की जुबानी समझ में आती है, जिनकी रोजी-रोटी अयोध्या के बाजार से जुड़ी है। ठेला लगाने वाले लवकुश विश्वकर्मा, दुकानदार संगीता सिंह, कारोबारी अशोक तिवारी, राकेश गुप्ता और व्यापार मंडल अध्यक्ष पंकज गुप्ता तक ने राम मंदिर के बाद बदलती अयोध्या की तस्वीर बयां की।

चंद्रशेखर और ओवैसी ने किया गठबंधन का ऐलान

बोले- ये तीसरा मोर्चा नहीं 'सामाजिक परिवर्तन मोर्चा'



नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। उत्तर प्रदेश की राजनीति में आज एक नया आयाम जुड़ गया। दरअसल, असदुद्दीन ओवैसी और चंद्रशेखर आजाद ने नये गठबंधन का ऐलान किया है। इस गठबंधन को सामाजिक परिवर्तन मोर्चा नाम दिया गया है, जिसमें फिलहाल दो प्रमुख दल आजाद समाज पार्टी और ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम शामिल हैं। चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि इसे तीसरा मोर्चा कहना सही नहीं होगा, बल्कि यह सामाजिक परिवर्तन मोर्चा है। उधर, ओवैसी ने साफ कहा कि इस तीसरे मोर्चे के सीएम फेस चंद्रशेखर आजाद होंगे। असदुद्दीन ओवैसी ने अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि आप 90 फीसदी मुस्लिम वोट हासिल कर रहे हैं, इसके बावजूद लगातार बीजेपी को नहीं हरा पा रहे हैं। ओवैसी ने कहा कि सामाजिक परिवर्तन मोर्चा में ईमानदारी है और यह गठबंधन बीजेपी और संघ को रोकने में सक्षम हो सकता है। उन्होंने कहा कि सपा को इस बात से तकलीफ है कि चंद्रशेखर आजाद को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया गया है। ओवैसी के मुताबिक, इस फैसले ने सपा नेताओं की रातों की नींद उड़ा दी है और उन्हें लग रहा है कि उनके पैरों के नीचे से जमीन खिसक रही है।

अखिलेश यादव के उस बयान पर भी ओवैसी ने जवाब दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि बीजेपी का समर्थन करने वालों को सुरक्षा मिल रही है। ओवैसी ने कहा कि अखिलेश पूर्व मुख्यमंत्री हैं और उन्हें क्या पता कि मुश्किल हालात से गुजर रहे परिवारों पर क्या बीतती है। उन्होंने कहा कि सिक्योरिटी हटा भी दी जाएगी तो उनकी बेबाकी खत्म नहीं होगी। ओवैसी ने कहा, हम दोनों अपने खून का एक-एक कतरा इस मकसद के लिए बहाने को तैयार हैं, सुन लो अखिलेश यादव, हमें मरना भी पड़ा तो कहेंगे कि सौदा सस्ता हुआ है।

असदुद्दीन ओवैसी ने बीजेपी और दूसरे दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि ये सिर्फ पर्व की पार्टियां हैं, भविष्य की पार्टियां नहीं हैं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का जिक्र करते हुए कहा, मैं गिरिराज साहब से कहूंगा कि आप बीमार हैं और अस्पताल में हैं, हम दुआ करते हैं कि आप जल्दी स्वस्थ हों, फिर हमसे मुकाबला करें। ओवैसी ने बीजेपी से जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में दो जवानों की हत्या पर भी जवाब मांगा। उन्होंने सवाल किया कि इस घटना पर बीजेपी क्या कहेगी?

ओवैसी बोले- सीएम फेस होंगे चंद्रशेखर

असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद की बातों से वह सहमत हैं और उनकी पार्टी सामाजिक परिवर्तन मोर्चा का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि यह गठबंधन उत्तर प्रदेश में बीजेपी को तीसरी बार सत्ता में आने से रोकने के लिए एक मजबूत विकल्प होगा। बीजेपी को रोकने के साथ-साथ गठबंधन जमीन से जुड़े मुद्दों पर भी लड़ाई लड़ेगा। चंद्रशेखर आजाद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार में पिछड़े, दलित और मुस्लिम समाज के लोगों के साथ मारपीट और उत्पीड़न हुआ है। उन्होंने शब्बीरपुर मामले का जिक्र करते हुए कहा कि निर्दोष होने के बावजूद उन्हें 9 महीने जेल में रहना पड़ा और बाहर आने के बाद उन पर एनएसए लगाया गया, जबकि उनके समाज के लोगों पर भी रासुका लगाई गई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने अपने ऊपर दर्ज मुकदमे वापस लिए, लेकिन हाथरस में एक दलित लड़की को रात में पेट्रोल डालकर जला दिया गया, प्रयागराज में फूलचंद के पूरे परिवार की हत्या हुई और कासगंज में अल्ताफ को पुलिस हिरासत में मार दिया गया।

सभी जनपदवासियों को भैयादूज की हार्दिक शुभकानमाएं

तुरंत आवश्यकता युवक की आकर्षक वेतन योग्यतानुसार।

गीजर ही गीजर

सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज





हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर, प्रेस, मिक्सी एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।









सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476

'संजय नहीं, राजीव बनेंगे पीएम'

ज्योतिषी ने दशकों पहले की थी भविष्यवाणी



नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी ने अपनी किताब 'बिलॉनिंग अ जर्नी ऑफ लव' में गांधी परिवार से जुड़ा एक दिलचस्प, लेकिन बाद में डरावना एहसास कराने वाला किस्सा साझा किया है। यह घटना कई दशक पुरानी है, जब गांधी परिवार दिल्ली के विलिंगडन क्रिसेंट स्थित बंगला नंबर 12 में रहता था। उस समय एक हस्तरेखा विशेषज्ञ (ज्योतिषी) ने भविष्यवाणी की थी कि संजय गांधी नहीं, बल्कि राजीव गांधी एक दिन देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। उस वक्त यह बात मजाक जैसी लगी थी, लेकिन बाद में परिवार में हुई कई राजनीतिक त्रासदियों के बाद यह भविष्यवाणी सच साबित हुई। सोनिया गांधी की किताब 10 नवंबर को जारी हुई है। इसमें उन्होंने 1970 के दशक के आखिरी वर्षों की इस घटना का जिक्र किया है। उस दौर को उन्होंने अपने संस्मरण में 'बारा नंबर के दिन' कहा है। दरअसल, 1977 में सत्ता गंवाने के बाद पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी अपने परिवार के साथ दिल्ली के चार बैडरूम वाले बंगला नंबर 12 में रहने आई थीं। परिवार के मित्र मोहम्मद यूनुस ने यह आवास उनके लिए खाली कराया था। उस समय राजीव गांधी राजनीति से दूर थे और एक वाणिज्यिक पायलट के रूप में काम कर रहे थे।

सोनिया की किताब में बड़ा खुलासा

वहीं, संजय गांधी को इंदिरा गांधी का राजनीतिक उत्तराधिकारी माना जाता था। सोनिया गांधी ने किताब में लिखा है कि विलिंगडन क्रिसेंट स्थित इस आवास पर कई अजीब घटनाएं घटीं, अनोखे लोग आए, लेकिन एक घटना उन्हें आज भी याद है। उन्होंने बताया कि एक दिन सफेद कपड़े पहने एक भारी-भरकम व्यक्ति बिना अनुमति उनके घर के हिस्से में घुस आया उसके हाथ में हथेली की छाप वाला एक कागज था।

आवश्यकता है

R.P.S. INTERNATIONAL SCHOOL
(C.B.S.E. Patteran An English Medium)

ग्राम फतेहपुर कलां, बिजनौर को कक्षा 5 से कक्षा 10 तक अंग्रेजी और विज्ञान हेतु अध्यापक/अध्यापिकाओं की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति तुरंत सम्पर्क करें। वेतन योग्यतानुसार। स्टाफ के लिये आने व जाने की सुविधा।
मो. 8394838034, 8954568123, 9359888044

जजी चौक अब न्याय चौक के नाम से जाना जायेगा



सेवानिवृत्त जस्टिस रामावतार सिंह ने किया न्याय की देवी की प्रतिमा का अनावरण

बिजनौर (चिंगारी)। नगर का जजी चौक अब 'न्याय चौक' के नाम से जाना जायेगा। नगर पालिका परिषद ने चौक का नामकरण कर यहां न्याय की देवी की प्रतिमा स्थापित कराई है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति रामावतार सिंह ने आज प्रात: प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने नगर पालिका की इस पहल को न्याय व्यवस्था के सम्मान और गौरव से जोड़ते हुए पालिका अध्यक्ष इन्दिरा सिंह, डॉ. बीरबल सिंह व नगर पालिका परिषद की सराहना की।

पालिका अध्यक्ष इन्दिरा सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से नगर पालिका ने नगर के प्रमुख चौराहों का नामकरण और महापुरुषों की प्रतिमाओं की स्थापना कराई है। इसका उद्देश्य महापुरुषों के साथ-साथ समाज के विभिन्न वर्गों को सम्मान देना है।

प्रतिमा के अनावरण के अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. बीरबल सिंह, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार, पूर्व अध्यक्ष एसके बबली, निरंकार सिंह, प्रवीण सिंह देशवाल, आनंद जंघाला एड., डॉ. तेजपाल सिंह, जितेंद्र सिंह एडवोकेट, हरि सिंह एडवोकेट, आलोक गोविल एडवोकेट, पीतांबर सिंह एडवोकेट, आदिल अहमद एडवोकेट, हुजूर मेहदी जैदी एडवोकेट, नगर पंचायत झालू के अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी तथा अनेक सभासदों



सहित काफी संख्या में अधिवक्ता एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

शैलेंद्र चौधरी ने किया कोटकादर गन्ना क्रय केंद्र शुभारंभ

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद किसान सहकारी चीनी मिल के अंतर्गत हाजी मोहम्मदपुर उर्फ कोटकादर स्थित गन्ना क्रय केंद्र का शुभारंभ अपना दल (एस) के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी एडवोकेट ने विधिवत रूप से किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर शैलेंद्र चौधरी का कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रीय लोगों ने फूल-मालाओं से भव्य स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर शैलेंद्र चौधरी ने कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। किसान की मेहनत व पसीने से ही चीनी मिलों का संचालन होता है। इसलिए गन्ना क्रय केंद्रों पर किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। समय पर गन्ना तौल, पारदर्शी व्यवस्था व किसानों के सम्मान का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। शैलेंद्र चौधरी एडवोकेट ने कहा किसान का सम्मान उनकी सुविधा व अधिकारों की रक्षा ही उनकी प्राथमिकता है।

गन्ना क्रय केंद्रों को पुनः बरकातपुर मिल से संबद्ध कराने की मांग

नजीबाबाद (चिंगारी)। ग्राम मंडावली व कांठपुर स्थित गन्ना क्रय केंद्रों को बरकतपुर चीनी मिल से हटाकर नजीबाबाद चीनी मिल को आवंटित किए जाने से किसानों में भारी रोष व्याप्त है। इस फैसले से क्षेत्र के करीब 600 किसान प्रभावित हो रहे हैं। किसानों ने एकजुट होकर इस निर्णय का विरोध करते हुए कहा है कि वह किसी भी सूरत में अपना गन्ना नजीबाबाद चीनी मिल को नहीं देंगे। मिल अपने वर्तमान क्रय केंद्रों से ही समय पर गन्ने का उठान नहीं कर पा रही है। ऐसे में मंडावली बी व कांठपुर के दो अतिरिक्त क्रय केंद्रों का गन्ना आवंटित किए जाने से किसानों की परेशानी बढ़ना तय है। किसानों के अनुसार क्षेत्र के तीन बड़े क्रेशर बंद होने से प्रतिदिन करीब 15 हजार कुंतल गन्ने की अतिरिक्त उपलब्धता हो गई है। ऐसे हालात में नजीबाबाद चीनी मिल के लिए अतिरिक्त गन्ने का समय से उठान करना बड़ी चुनौती साबित होगा। किसानों ने मांग है कि मंडावली बी एवं काठापुर दोनों गन्ना क्रय केंद्रों को पूर्व की भांति बरकतपुर चीनी मिल से ही संबद्ध रखा जाए, जिससे किसानों को गन्ना आपूर्ति करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। विरोध करने वालों में हिमांशु कुमार, रविंद्र राठी, दुष्यंत कुमार, जयपाल सिंह, हरिओम सिंह, राम सिंह, श्याम सिंह, दीपक सिंह व धर्मवीर सिंह सहित क्षेत्र के अनेक किसान मौजूद रहे।

हरे-भरे आम के पेड़ काटने पर किसान मजदूर सभा ने जवाब मांगा

नजीबाबाद (चिंगारी)। किसान मजदूर सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष शमशाद हुसैन ने क्षेत्रीय वनाधिकारी नजीबाबाद को पत्र भेजकर सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के तहत किरतपुर कस्बे में मुस्लिम इंटर कॉलेज के पीछे स्थित आम के बाग में कथित रूप से काटे गये 80 हरे-भरे आम के पेड़ों की कटाई के मामले में जवाब मांगा है। आरटीआई आवेदन में कहा गया है कि 3 नवंबर 2026 को शाम करीब सात बजे ठेकेदारों द्वारा आम के बाग में लगे लगभग 80 पेड़ों को काट दिया था। मामले की जानकारी मिलने के बाद 4 नवंबर को वन रेंजर नजीबाबाद द्वारा अपनी टीम के साथ मौके पर छापेमारी किए जाने तथा काटे गए पेड़ों व वाहनों को जब्त किए जाने की बात भी आवेदन में कही गई है। शमशाद हुसैन ने वन विभाग से सवाल किया है कि पेड़ों की अवैध कटाई के मामले में एफआईआर दर्ज कराई गई या नहीं? इसकी सूचना जिला वन अधिकारी, बिजनौर को दी गई अथवा नहीं? यदि एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई तो इसके पीछे क्या कारण रहे? उन्होंने जब्त किए गए पेड़ों व वाहनों के संबंध में भी विभागीय अभिलेखों की प्रमाणित प्रतियां मांगी हैं।

ATHER

असली इलेक्ट्रिक
एथर इलेक्ट्रिक/
अब धामपुर में।

ATHER EXPERIENCE CENTER, DHAMPUR

Address:- Indra Nagar Colony Near Ayushman Hospital Dhampur Bijnor - 246761

Mob. 9240083181

सभी को भैयादूज की हार्दिक शुभकामनाएं



अब जरीब नहीं, सैटेलाइट तकनीक से होगी जमीन की पैमाइश- योगी

लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। उत्तर प्रदेश में अब जमीनों की पैमाइश पारंपरिक जरीब के बजाय सैटेलाइट आधारित तकनीक से होगी। इसके लिए सभी तहसीलों में 445 रोवर मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि नई तकनीक से पैमाइश में एक इंच का भी अंतर नहीं होगा। पहले जमीन की नाप में एक फीट का अंतर कई बार दस फीट तक पहुंच जाता था, जिसका नुकसान गरीबों को उठाना पड़ता था।

मुख्यमंत्री इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में राजस्व विभाग के 1,146 नवचयनित कनिष्ठ सहायकों को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत 4,300 किसान परिवारों के खातों में 215 करोड़ रुपये की सहायता राशि भी भेजी।

भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता का दावा करते हुए योगी ने पूर्ववर्ती समाजवादी पार्टी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पहले भर्ती प्रक्रिया में मुन्ना भाई बैठे थे। परीक्षा कोई देता था और नियुक्ति पत्र कोई दूसरा लेकर चला जाता था। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी तक एक लाख अतिरिक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र देने का लक्ष्य है। 25 अगस्त से अब तक 16 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्तियां दी जा चुकी हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि राजस्व न्यायालयों में अब तक 37.81 लाख वादों का निस्तारण किया गया है। जून में करीब 70 हजार जमीनों की पैमाइश कराई गई। घरौनी योजना से ग्रामीण परिवारों को आबादी की जमीन पर मालिकाना अधिकार मिला है। उन्होंने दावा किया कि पिछले साढ़े नौ वर्षों में प्रदेश में न कर्फ्यू लगा और न दंगा हुआ। सुरक्षित माहौल में निवेश और रोजगार बढ़े हैं। योजना के तहत अब तक 1,40,196 किसान परिवारों को 5,833.50 करोड़ रुपये की सहायता दी जा चुकी है। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राजस्व राज्यमंत्री सुरेंद्र दिलेर और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

माता-पिता के ग़लत व्यवहार से परेशान होकर दिल्ली चली गई थीं दो नाबालिग बहनें

किरतपुर (चिंगारी)। नगर के मोहल्ला अंसारियान से लापता दो नाबालिग बहनों को पुलिस ने 12 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस के अनुसार दोनों बहनें दिल्ली चली गई थीं। पूछताछ में उन्होंने बताया कि माता-पिता उनके साथ मारपीट और अभद्र व्यवहार करते थे, जिससे परेशान होकर वे घर से चली गई थीं। उन्होंने किसी व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की बात से इनकार किया है। पुलिस के अनुसार, 10 नवंबर को लड़कियों के पिता ने थाना किरतपुर में तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात व्यक्ति दो नाबालिग बहनों को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों की तलाश के लिए पुलिस टीम गठित की थी। कल पुलिस ने दोनों बहनों को दिल्ली से बरामद कर लिया। 12 घंटे में दोनों लड़कियों को बरामद करने पर थाना अध्यक्ष अमर सिंह राठौड़ की नगर में सराहना हो रही है।

सोनिया की किताब से कांग्रेस के काले अध्याय फिर उजागर : भाजपा

देहरादून (चिंगारी)। भाजपा ने सोनिया गांधी की किताब के खुलासों को कांग्रेस का वो काला सच बताया, जिसे देश पहले से बखूबी जानता है। प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कटाक्ष किया कि कांग्रेस का मुस्लिम तुष्टिकरण किसी से छिपा नहीं था, क्योंकि आतंकी एनकाउंटर के बाद अवैध बाबरी मस्जिद ध्वस्त होने पर तो उनके आंसू निकले, लेकिन कभी किसी राष्ट्रभक्त और रामभक्त की शहादत पर नहीं। साथ ही कहा, उन्होंने सिक्ख दंगों के दौरान दिल्ली में सेना लगाने में देरी के लिए तत्काल जनरल वैद्य का झूठा नाम जोड़कर फिर से सेना का अपमान किया है। उन्होंने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की किताब को गांधी परिवार और कांग्रेस पर लगी दागों को कीचड़ से धोने की असफल कोशिश बताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस किताब में सुविधानुसार बताए खुलासों ने उनकी सरकारों के पापों को पहले से अधिक स्याह बना दिया है। जब वह कहती हैं कि विवादित और अवैध तथाकथित बाबरी मस्जिद के ढांचे को ध्वस्त होता देख उनकी आंखों से आंसू आने लगे थे, बताने के लिए काफी है कि ये एक और कोशिश है कट्टरपंथी मुसलमानों को खुश करने की, क्योंकि ऐसे ही आंसू उनके बटाला हाउस एनकाउंटर में मारे गए आतंकियों के लिए निकले थे।

2017 से पहले युवाओं के सपनों से सौदा होता था- मुख्यमंत्री



लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि युवाओं की प्रतिभा को सम्मान देना और संकट की घड़ी में अन्नदाता के परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान करना डबल इंजन सरकार का संकल्प है। सरकार युवाओं को योग्यता के आधार पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के साथ ही जरूरतमंद किसान परिवारों की मदद के लिए भी प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए बताया कि बुधवार को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन प्रक्रिया के माध्यम से राजस्व विभाग के लिए नवचयनित 1,146 कनिष्ठ सहायकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत 4,300 लाभार्थियों को 215 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। योगी ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रदेश में बदली हुई कार्य संस्कृति का प्रमाण है। अब सरकारी नौकरियों में सिफारिश के बजाय योग्यता को प्राथमिकता मिल रही है और दुर्घटना में प्रभावित किसान परिवारों को कठिन समय में सरकार की ओर से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने वर्ष 2017 से पहले की स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय नौजवानों के सपनों का सौदा होता था और संकट में घिरे किसान परिवार आर्थिक सहायता के लिए दर-दर भटकने को मजबूर थे।



भली लगे या बुरी...

गंगा में बढ़ता प्रदूषण

जीवनदायनी गंगा पिछले कुछ सालों में लगभग ढाई गुना प्रदूषित हो चुकी है और उसे साफ करने की अब तक की सारी योजनाएं नाकाम साबित हुई हैं। केंद्र के हलफनामे के अनुसार 1985 में अनुमान लगाया गया था कि 1340 मिलियन लीटर मल जल रोज गंगा में मिलता है जबकि 1993 में मल जल का गंगा में मिलने का आंकड़ा 2538 मिलियन लीटर पहुंच चुका था। उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल के किनारे टाउनिशप इसका प्रमुख कारण है। जहां तक दावों का सवाल है, अब मोदी सरकार ने गंगा की सफाई को राष्ट्रीय महत्व का दर्जा देकर इसकी सफाई को एक जन आंदोलन बनाने का भरोसा दिया है। मोदी के इस ड्रीम प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए चार मंत्रालयों को जिम्मेदारी सौपी गई है। हालांकि सरकार गठन के बाद भी इस दिशा में अभी गंगा संरक्षण मंत्रालय बनाने और सर्वे के लिए फंड जारी करने के अलावा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। मोदी सरकार ने अपने पहले बजट में ही गंगा मिशन के लिए 2040 करोड़ देने का एलान किया था। भारतीय संस्कृति में 'मां' का दर्जा हासिल गंगा वक्त की हिलोरों में बहते हुए सबसे प्रदूषित नदियों में शामिल हो चुकी है। कानपुर के पास इसकी हालत सबसे ज्यादा खराब है। कानपुर में चमड़े के वैध-अवैध करीब 400 कारखानों से हर रोज पांच करोड़ लीटर कचरा निकलता है और सिर्फ 90 लाख लीटर ही ट्रीट हो पाता है। हिमालय से निकल कर बंगाल की खाड़ी में गिरने से पहले गंगा पांच राज्यों से होते हुए 2500 किलोमीटर लंबा सफर तय करती है। बहरहाल, जून 1985 में गंगा एक्शन प्लान-1 की शुरुआत हुई। इस अभियान में उत्तर प्रदेश के छह, बिहार के चार और पश्चिम बंगाल के 15 शहरों पर फोकस किया गया। प्लान का पहला चरण 1990 तक पूरा करने की योजना थी, लेकिन समय पर काम पूरा न होने के चलते इसका समय 2001-2008 तक बढ़ाया गया। संसद की लोकलेखा समिति की 2006 की रिपोर्ट में गंगा सफाई के सरकारी कामकाज पर चिंता भी व्यक्त की गई। गंगा एक्शन प्लान के दूसरे चरण के लिए 615 करोड़ की स्वीकृति हुई और 270 परियोजनाएं बनीं। जिनमें उत्तर प्रदेश में 43, पश्चिम बंगाल में 170, उत्तराखंड में 37 थीं जिनमें से कुछ ही पूरी हुई। बिहार और उत्तरप्रदेश में तो कई परियाजनाएं शुरू भी नहीं हो सकीं। अब तक गंगा की सफाई पर 20000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च हो चुका है, लेकिन नतीजा वही ढाक के तीन पात है।

वादों की झड़ी-पीडीए के चक्रव्यूह से क्या अखिलेश की राह होगी आसान?

-संजय सक्सेना, लखनऊ

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 समाजवादी पार्टी (सपा) और उसके प्रमुख अखिलेश यादव के लिए एक ऐतिहासिक परीक्षा बनने जा रहा है। पिछले एक दशक से अधिक समय से राज्य की सत्ता से बाहर चल रही सपा के लिए यह चुनाव मात्र एक राजनीतिक मुकाबला नहीं, बल्कि प्रतिष्ठा और वजूद की लड़ाई बन चुका है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों में बेहतरीन प्रदर्शन के बाद अखिलेश यादव के हौसले बुलंद हैं और उन्हें सत्ता में वापसी की पूरी उम्मीद नज़र आ रही है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सपा प्रमुख ने लोक-लुभावने वादों की झड़ी लगा दी है और साथ ही सामाजिक समीकरणों को साधने के लिए एक अभेद्य चक्रव्यूह तैयार किया है। चुनावी वैतरणी पार करने के लिए अखिलेश यादव ने मतदाताओं के सामने राहतों का एक बड़ा पिटारा खोल दिया है। आम उपभोक्ताओं और किसानों को बड़ी राहत देने के लिए मुफ्त या बेहद सस्ती बिजली और घरेलू उपयोग के लिए मुफ्त पानी देने का वादा। स्कूलों और अस्पतालों की स्थिति सुधारने के साथ-साथ आम जनता को मुफ्त उच्च शिक्षा और आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना, को आकर्षित करने के लिए बड़े पैमाने पर सरकारी नौकरियों की बहाली और रोजगार मिलने तक मासिक बेरोजगारी भत्ता देने की योजना। पुरानी पेंशन योजना की तर्ज पर कर्मचारियों को सुरक्षा देने का वादा और सामाजिक सुरक्षा पेंशन के दायरे को बढ़ाना भी अखिलेश के वादों में शामिल है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इन लोक-लुभावने वादों की श्रृंखला इतनी व्यापक है कि इसे पूरी तरह लागू करने पर उत्तर प्रदेश का मौजूदा बजट भी छोटा पड़ सकता है। राजकोषीय घाटा, मुफ्त बिजली, पानी और बेरोजगारी भत्ते जैसे खर्चों से राज्य के राजस्व पर भारी बोझ पड़ेगा, जिससे विकास कार्यों के लिए पूंजीगत व्यय कम हो सकता है। इन घोषणाओं को अमलीजामा पहनाने के लिए सरकार को बाजार से भारी कर्ज लेना पड़ सकता है, जो राज्य को कर्ज के जाल में धकेल सकता है। खैर, केवल वादों के सहारे सत्ता में आना आसान हो सकता है, लेकिन सीमित वित्तीय संसाधनों के बीच इन्हें धरातल पर उतारना किसी भी मुख्यमंत्री के लिए एक प्रशासनिक दु:स्वप्न साबित हो सकता है। अखिलेश यादव ने इस बार पारंपरिक माय (मुस्लिम-यादव) समीकरण से आगे बढ़कर पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) का नारा बुलंद किया है। उनका दावा है कि इस गठबंधन को करीब 95 फीसदी पारंपरिक और शोषित वर्गों का समर्थन हासिल होगा। अखिलेश का गैर-यादव पिछड़ी जातियों को यह अहसास दिलाना कि सपा केवल एक विशेष जाति की पार्टी नहीं है, बल्कि पूरे पिछड़े समाज की हितैषी है। सपा के लिए एक बड़ा दांव है। उधर, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के कमजोर होने का सीधा फायदा उठाने के लिए अखिलेश लगातार बाबा साहेब अंबेडकर और डॉ. लोहिया के सिद्धांतों को एक साथ जोड़ रहे हैं, ताकि मायावती के पारंपरिक कैडर को सपा की तरफ मोड़ा जा सके। जबकि मुस्लिम मतदाताओं को एकजुट रखने के लिए सपा खुद को भाजपा के खिलाफ एकमात्र मजबूत विकल्प के रूप में पेश कर रही है। इसके साथ-साथ रणनीतिक रूप से, अखिलेश यादव अब अपनी हिंदू पहचान को भी खुलकर प्रदर्शित कर रहे हैं। वे एक व्यापक हिंदू-मुस्लिम-यादव गठबंधन बनाने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि भाजपा के ध्रुवीकरण के एजेंडे को कुंद किया जा सके। सपा प्रमुख अगले साल के चुनाव के लिए रणनीति तो बना रहे हैं, लेकिन वह स्वयं चुनाव लड़ने के लिए मैदान में नहीं कूदेंगे। नवंबर 2026 में वाराणसी में एक बड़ा रणनीतिक संकेत देते हुए अखिलेश यादव ने घोषणा की है कि वह आगामी 2027 का विधानसभा चुनाव खुद नहीं लड़ेंगे। उन्होंने इसके पीछे 2012 के अपने पुराने राजनीतिक सफर का हवाला दिया, जब वे लोकसभा सांसद रहते हुए ही सीधे मुख्यमंत्री बने थे। इस फैसले के पीछे की राजनीतिक वजहें तलाशी जाएं तो ऐसा लगता है कि अखिलेश के किसी एक विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ने से विपक्षी दल (विशेषकर भाजपा) उन्हें उसी क्षेत्र में उलझा सकते हैं। चुनाव न लड़कर वे पूरी तरह से स्वतंत्र रहकर राज्य की सभी 403 सीटों पर सघन चुनाव प्रचार कर सकेंगे। अखिलेश चुनाव भले नहीं लड़ें, लेकिन वह स्वयं को सीधे तौर पर मुख्यमंत्री पद के दावेदार के रूप में प्रोजेक्ट कर रहे हैं, जिससे कार्यकर्ताओं में स्पष्ट संदेश जाए। हालांकि विरोधी दल इसे चुनाव से भागना और हार का डर बता रहे हैं, लेकिन सपा समर्थक इसे एक सोची-समझी और परिपक्व चुनावी रणनीति मान रहे हैं। बहरहाल, समाजवादी पार्टी के लिए 2027 का मार्ग जितना अनुकूल दिख रहा है, उतना ही यह कांटों भरा भी है। यदि अखिलेश की वापसी होती है तो उनकी सत्ता में वापसी की राह में कई अहम कारक भूमिका निभाएंगे। सबसे खास बात यह है कि भाजपा सरकार के लगातार दो कार्यकालों के बाद जनता के एक वर्ग में बदलाव की इच्छा सपा के पक्ष में जा सकती है। जबकि कांग्रेस के साथ गठबंधन के मजबूत रहने और बसपा के लगातार जनाधार खोने से भाजपा विरोधी वोट सीधे सपा के खाते में आ सकते हैं। बेरोजगारी, महंगाई, पेपर लीक और सांडों की समस्या जैसे जमीनी मुद्दों को उठाकर अखिलेश युवाओं और किसानों को अपने पाले में करने में काफी हद तक सफल दिख रहे हैं।



सियासत, सत्ता मद और सुरा-सुंदरी का गठजोड़



डा. सुधाकर आशावादी

एक समय था कि जब कांग्रेस के दिग्गज नेता नारायणदत्त तिवारी पर एक महिला नेत्री ने अपने पुत्र के जैविक पिता होने का आरोप लगाया था तथा न्यायालय में सिद्ध भी हुआ था। ऐसा ही आरोप एक अन्य महिला ने कांग्रेस के दिग्गज नेता हरक सिंह रावत पर लगाया है। राजनीति और व्याभिचार की ऐसी कहानियां समाज में यदा-कदा सुर्खियां पाती रहती हैं। राजनीति में शिखर तक पहुंचने के लिए देह को सीढ़ी बनाकर अल्प समय में ही कुछ खास चेहरे फर्श से अर्श तक का सफर कैसे तय कर लेते हैं, यह तो जांच का विषय है, लेकिन सच यही है कि राजनीति और व्याभिचार में चोली-दामन सरीखा संबंध है। सत्ता मद में अंधे नेतागण अपने पद का दुरूपयोग सुरा और सुंदरी के फेर में करते आए हैं। ऐसे अनेक उदाहरण विगत में प्रकाश में आते रहे हैं। कभी-कभी ऐसा भी होता है कि लाभकारी पदों हेतु, टिकट न मिलने पर या कभी धन का सौदा तय नहीं होने पर भी इस तरह के आरोपों से कतिपय महिला या पुरुषों द्वारा प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रभावशाली नेताओं को बदनाम करने का प्रयास किया जाता है, आरोपों में कितनी सच्चाई है, इसका कोई विश्लेषण नहीं किया जाता। ऐसा नहीं है कि व्याभिचार के आरोप किसी एक राजनीतिक दल के नेताओं पर ही लगाए जाते हों। ऐसे आरोप सभी राजनीतिक दलों के प्रभावशाली नेताओं पर लगते ही रहते हैं। इन आरोपों को अपराध की संज्ञा देकर पक्ष और विपक्ष के नेतागण एक-दूसरे की ओर ऊंगली उठाते हुए यह नहीं सोचते कि उनका और उनकी राजनीतिक पार्टी का दामन भी दूध से धुला नहीं है। प्रश्न यह है कि राजनीति को आजीविका का साधन बनाने वाले कितने लोग ऐसे हैं, जो येन-केन प्रकारेण सत्ता की निकटता का लाभ उठाने से परहेज करते हैं? सच तो यह है कि राजनीति और व्याभिचार के हमाम में सभी एक जैसे हैं, कोई कम कोई ज्यादा। देह आकर्षण या धन आकर्षण राजनीति में इतना असरकारक है कि इनके प्रयोगों से झोपड़ियां अल्प समय में ही ऊंची अट्टालिकाओं का सफर तय कर लेती हैं। किसी की पोल डीएनए परीक्षण से खुल जाती है और व्यभिचार के किस्से अतीत का विषय बनकर रह जाते हैं। बहरहाल चिंता का विषय यह है कि राजनीति में आने वाले युवक-युवतियां किस आकर्षण से राजनीति के मैदान में उतरने हेतु विवश होते हैं? बिना किसी लाभ के पद पर होते हुए भी राजनीतिक दलों के संगठन में कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को कौन सा अलादीन का चिराग हाथ लग जाता है, जिससे वह दिनों दिन अभिजात्य वर्ग सरीखी सुख सुविधाओं को भोगने की स्थिति में आ जाते हैं।


पानी की टंकी पर जा चढ़ी 'वीरो'

ग्राम प्रधान के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की

बिजनौर (चिंगारी)। बहुचर्चित फिल्म शोले में बसंती से शादी करने के लिये वीरू पानी की टंकी पर चढ़ गया था। उसके बाद देश में जब भी कहीं ऐसा कोई वाकया होता है तो वीरू की मिसाल दी जाती है। बिजनौर के समीपवर्ती ग्राम हमीदपुर में एक महिला शिक्षिका अपने घर के सामने सड़क बनवाने की मांग को लेकर शोले के वीरू के अंदाज में पानी की टंकी पर जा चढ़ी, तो गांव वालों ने उसे 'वीरो' बताया।



उक्त महिला शिक्षिका कल शाम गांव में बनी पानी की टंकी पर चढ़ गई। उन्होंने सड़क निर्माण, ग्राम प्रधान के खिलाफ कार्रवाई और घर के पास लगे ट्रांसफॉर्मर को हटाने की मांग उठाई। साथ ही वह सदर विधायक सुचि मौसम चौधरी और उच्चाधिकारियों को मौके पर बुलाने की जिद पर अड़ गई। करीब ढाई घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने उन्हें समझाकर नीचे उतारा।



ग्राम युसूफपुर हमीद उर्फ हमीदपुर निवासी अरविंद कुमार की पत्नी मीनाक्षी एक निजी स्कूल में शिक्षिका हैं। उनका आरोप है कि उनके घर के सामने आम रास्ते का निर्माण दो साल से नहीं हुआ। रास्ते पर पानी और कीचड़ भरा रहता है। दोनों ओर नालियां भी नहीं बनी हैं। इससे ग्रामीणों, स्कूली बच्चों और राहगीरों को परेशानी होती है। आयेदिन लोग फिसलकर गिरते हैं और रिक्शे पलट जाते हैं। मीनाक्षी का कहना था कि उन्होंने कई बार ग्राम प्रधान से रास्ता बनवाने की मांग की और अधिकारियों से शिकायत भी की, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। उन्होंने प्रधान पर प्रताड़ित करने और गाली-गलौज करने का आरोप भी लगाया। मीनाक्षी शाम को करीब 4 बजे पानी की टंकी पर जा चढ़ी। वीडियो बनाकर आरोप लगाया कि प्रधान और गांव के कुछ लोग उन्हें लगातार परेशान कर रहे हैं। थाने में कई बार शिकायत करने के बावजूद सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उन्हें कुछ होता है तो इसके लिए हमीदपुर गांव के लोग जिम्मेदार होंगे। उनका कहना था कि विधायक और उच्चाधिकारी मौके पर आएंगे, तभी वह नीचे उतरेंगी। सूचना पर शहर कोतवाल अवनीत मान पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने महिला को काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह अपनी मांगों पर अड़ी रही। करीब ढाई घंटे बाद उन्हें टंकी से नीचे उतारा जा सका।



नारनौर घाट पर गंगा स्नान मेले के लिये हुआ भूमि पूजन

चांदपुर (चिंगारी)। कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेले के लिये नारनौर गंगा घाट पर विधि-विधान के साथ भूमि पूजन हुआ। भूमि पूजन कार्यक्रम में तहसीलदार चांदपुर धनराज सिंह एवं प्रभारी निरीक्षक सुधीर पवार प्रधान यजमान के रूप में शामिल हुए।

भूमि पूजन की समस्त धार्मिक प्रक्रियाएं पंडित विकास शर्मा ने संपन्न कराईं। हनुमान जी के आसन के प्रतीक ध्वज पताका का भी पूजन कराया गया। श्रद्धालुओं ने ध्वज की स्थापना भी कराई। इस अवसर पर मेला समिति के संरक्षक चौधरी कुलदीप सिंह एवं प्रबंधक निरीश गुप्ता उर्फ बिल्लू गुप्ता, अध्यक्ष अजय कुमार कौशिक, सदस्य यशपाल सिंह, सतीश कुमार, अरुण कुमार शर्मा के अलावा वेदपाल सिंह, अंकुश कुमार, रविंद्र सिंह



ठेकेदार, जितेंद्र सिंह, साजिद प्रधान उपस्थित रहे। पूजन के दौरान गंगा मैया का दूध से अभिषेक किया गया। समिति के प्रबंधक निरीश गुप्ता उर्फ बिल्लू गुप्ता ने दोनों यजमान प्रभारी निरीक्षक एवं तहसीलदार चांदपुर का माल्यार्पण कर सम्मान किया। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। भूमि पूजन के साथ ही क्षेत्र में मेले को लेकर उत्साह का वातावरण बन गया है।

नगीना में धूमधाम से मनाया गया भाईदूज का पर्व

नगीना (चिंगारी)। नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भाईदूज का पर्व हर्षोल्लास एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी सुख-समृद्धि और लंबी उम्र की कामना की। भाइयों ने भी अपनी बहनों को उपहार भेंट किए। सुबह से ही घरों में भाईदूज की तैयारियां शुरू हो गई थीं। बहनों के घर पहुंचने और भाइयों के आने-जाने का सिलसिला दिनभर चलता रहा। पर्व को लेकर बाजारों में भी रौनक दिखाई दी। मिठाई, फल और उपहारों की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ रही। पूरे दिन नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में भाईदूज की धूम रही।



रोडवेज बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की खासी भीड़ नजर आई।

नूरपुर विधानसभा : क्या सपा अपनी सीट बचा पायेगी?

कमलजीत सिंह नूर

नूरपुर/ताजपुर (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश की विधानसभा संख्या 24 नूरपुर में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल तेज होने लगी है। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी रामअवतार सिंह ने भाजपा प्रत्याशी चंद्रप्रकाश सिंह (सीपी सिंह) को 6,065 मतों से हराकर जीत दर्ज की थी। सभी राजनैतिक पार्टियों के संभावित प्रत्याशी अपना टिकट पक्का मानकर चुनाव प्रचार में लगे हुए हैं। दीवारें लिखवा रहे हैं, बड़ी-बड़ी फ्लेक्सी लगा रहे हैं।

पिछले चुनाव में रामअवतार सिंह को 92,574 वोट (43.27 प्रतिशत) मिले थे, जबकि भाजपा के चंद्रप्रकाश सिंह को 86,509 वोट (40.43 प्रतिशत) प्राप्त हुए थे। वहीं बसपा प्रत्याशी जियाउद्दीन 31,300 वोट (14.63 प्रतिशत) लेकर तीसरे स्थान पर रहे थे।

वर्ष 2022 में नूरपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल 3,24,486 मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें से 2,14,228 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। इस प्रकार कुल मतदान प्रतिशत 66.02 रहा था। वर्ष 2026 में प्रकाशित एसआईआर के बाद की मतदाता सूची के अनुसार नूरपुर विधानसभा में 2,81,590 मतदाता दर्ज किए गए हैं।

अब सवाल यह है कि आगामी विधानसभा चुनाव में नूरपुर की जनता किस राजनीतिक दल पर भरोसा जताएगी? क्या समाजवादी पार्टी अपना पिछला प्रदर्शन दोहरा पाएगी या भाजपा वापसी करेगी या फिर आजाद समाज पार्टी (आसपा) अपना चुनावी रंग दिखाएगी। आसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद चंद्रशेखर की दलित व मुस्लिम वोटों पर अच्छी पकड़ है। वहीं समाजवादी पार्टी के मौजूदा विधायक रामअवतार सैनी, सैनी व मुस्लिम मतदाताओं पर पकड़ बनाये हुए हैं, उनके लिये सीट बचाना इस बार बहुत चुनौतीपूर्ण है। भाजपा के पास अपने संगठन का एक बड़ा साम्राज्य है। क्षेत्र का हिन्दू वोट भाजपा के लिए अपनी एकता बनाये हुए है। प्रत्याशी की घोषणा के बाद समीकरण में बदलाव होना स्वाभाविक है।

चल रहा नशे का अवैध कारोबार स्मैक के साथ एक गिरफ़्तार

अफजलगढ़ (चिंगारी)। नगर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में नशे के गैरकानूनी कारोबार को लेकर मिल रही शिकायतों के बीच पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि आरोपी के कब्जे से सात ग्राम स्मैक बरामद हुई है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अनीस अहमद पुत्र शफीक अहमद निवासी ग्राम मेघपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर अदालत में पेश किया है।



आरोपी की गिरफ्तारी के बाद इलाके में नशे के कारोबार से जुड़े अन्य लोगों को लेकर भी चर्चाएं शुरू हो गई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर के विभिन्न मोहल्लों के साथ आसपास के गांवों में भी स्मैक की खरीद-फरोख्त की शिकायतें लंबे समय से सामने आती रही हैं। लोगों का आरोप है कि पूर्व में भी इस कारोबार से जुड़े कुछ लोगों के खिलाफ कार्रवाई हो चुकी है, लेकिन इसके बावजूद नशे के कारोबार पर पूरी तरह अंकुश नहीं लग पाया है।

इधर, आरोपी को पुलिस कार्रवाई से बचाने के लिए एक चर्चित सफेदपोश द्वारा कथित तौर पर प्रयास किए जाने की चर्चा भी नगर में है। लोगों का कहना है कि नशे का अवैध कारोबार नई पीढ़ी के भविष्य के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। ऐसे में पुलिस को केवल नशे की छोटी खेप के साथ पकड़े जाने वाले लोगों तक कार्रवाई सीमित रखने के बजाय इसके पीछे सक्रिय सप्लायरों और पूरे नेटवर्क की भी जांच करनी चाहिए।

नौकरी के लिए विदेश भेजने के नाम पर ठगी, आरोपी को हथकड़ी लगी

शेरकोट (चिंगारी)। पुलिस ने विदेश में नौकरी के नाम पर 90 हजार रुपए की ठगी करने के आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। बुधवार की दोपहर थाना प्रांगण में आयोजित प्रेस वार्ता में एएसपी पूर्वी एके श्रीवास्तव और सीओ अफजलगढ़ आकांक्षा गौतम ने बताया कि नगर के मुहल्ला शेखान निवासी शमशाद अहमद पुत्र इरशाद अहमद ने सबील और दानिश निवासी मुहल्ला नई सराय शेरकोट पर कतर देश में नौकरी लगवाने के नाम पर 90 हजार रुपए की ठगी करने और आरोपियों द्वारा गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। मंगलवार को शमशाद की तहरीर पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी थी। एएपी पूर्वी एके श्रीवास्तव ने बताया कि कतर भेजने के नाम पर 90 हजार की ठगी करने के वांछित अभियुक्त सबील को पुलिस ने बुधवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया।



उन्होंने बताया पूछताछ में पता लगा कि सबील अपने भतीजे दानिश के साथ लोगों को विदेश भेजने का झांसा देकर रुपये लेते थे। इसी तरह इन्होंने शमशाद से भी 90 हजार रुपए लेकर फर्जी वीजा और वर्क परमिट दे दिया था। पुलिस ने भागने की फिराक में खड़े सबील को दबोच लिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया सबील को चालान कर न्यायालय भेज दिया गया है, जबकि दूसरे अभियुक्त दानिश को पकड़ने के प्रयास किये जा रहे हैं। इस दौरान थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह और सब इंस्पेक्टर मोहित चौधरी उपस्थित रहे।

प्रशांत कुमार सिंह बने राजस्व विभाग में कनिष्ठ सहायक

धामपुर (चिंगारी)। धामपुर निवासी प्रशांत कुमार सिंह का राजस्व विभाग में कनिष्ठ सहायक पद पर चयन होने से परिजनों व रिश्तेदारों में खुशी का वातावरण है। मूल रूप से पखनपुर गंगवाली निवासी प्रशांत कुमार सिंह अपने परिवार के साथ दुर्गा बिहार कालोनी में रहते हैं। उनके पिता जयपाल सिंह किसान हैं और माता बाला देवी गृहणी हैं। प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि यूपीएसएसएससी द्वारा राजस्व विभाग में कनिष्ठ सहायक पद के लिए उनका चयन हुआ है। बुधवार को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें नियुक्ति-पत्र प्रदान किया।



छह साल की बच्ची के साथ छेड़छाड़, आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंपा

गंज (चिंगारी)। विदुर कुटी पुलिस चौकी के अंतर्गत एक गांव में छह वर्षीय बालिका के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। जानकारी के अनुसार बालिका अपने घर पर अकेली थी। उसके माता-पिता खेतों पर काम करने गए हुए थे। आरोप है कि इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला एक व्यक्ति बालिका को अकेला देखकर उसे बहाने से पास ही स्थित एक सुनसान मकान में ले गया, जहां उसने उसके साथ छेड़छाड़ करने का प्रयास किया। बताया गया कि घटना के बाद बालिका रोते हुए अपने घर पहुंची और खेत से वापस लौटी मां को पूरी बात बताई। बालिका की बात सुनकर परिजन आक्रोशित हो गए। इसके बाद ग्रामीणों की मदद से आरोपी को पकड़ लिया गया। परिजनों ने आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी और उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस आरोपी को थाने ले गई। पुलिस चौकी प्रभारी रोहिताश सिंह ने मामले की पुष्टि की है। पुलिस मामले की जांच कर रही।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

बहादरपुर चीनी मिल में गन्ना पेराई सत्र का आग़ाज़



अफजलगढ़ (चिंगारी)। द्वारिकेश समूह की बहादरपुर चीनी मिल में बुधवार को नये पेराई सत्र 2026-27 का बाकायदा आगाज़ हो गया। मिल परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद मेहमानों और किसानों ने केन कैरियर में गन्ने की पूली डालकर पेराई कार्य का इफ्तिताह किया।

कार्यक्रम की शुरुआत मिल परिसर स्थित मंदिर में पूजा के साथ हुई। पंडित सनातन त्रिपाठी और पंडित केशव दत्त ने धार्मिक रस्में अदा कराईं। इस मौके पर सहकारी गन्ना विकास समिति अफजलगढ़ के अध्यक्ष मलकीत सिंह, धामपुर गन्ना समिति के अध्यक्ष रामवीर सिंह उर्फ मोहन सिंह, पूर्व अध्यक्ष सुरेश कुमार और क्षेत्राधिकारी आकांक्षा गौतम समेत इलाके के किसान व चीनी मिल के आला अधिकारी मौजूद रहे।

ग्राम भागीजोत निवासी रामकिशन सिंह पुत्र रामस्वरूप सिंह बैलगाड़ी से गन्ना लेकर सबसे पहले पहुंचे। वहीं ग्राम पाबंदीपुर निवासी राजपाल सिंह पुत्र प्रवीण सिंह टिपलर और ग्राम सलावतनगर निवासी श्याम सिंह पुत्र संसार सिंह ट्रैक्टर-ट्रॉली से गन्ना लेकर पहुंचे। मिल प्रबंधन की ओर से तीनों किसानों का तिलक लगाकर इस्तकबाल किया गया और उन्हें उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा मिल गेट पर स्थापित सभी तौल कांटों की पूजा-अर्चना के बाद गन्ने की तौल का काम भी शुरू कर दिया गया।

किसान साफ-सुथरा गन्ना लायें

इस मौके पर चीनी मिल के मुख्य महाप्रबंधक (गन्ना) उमेश कुमार सिंह बिसेन ने बताया कि पेराई सत्र 2026-27 के लिए गन्ना आयुक्त कार्यालय की ओर से मिल को 119.47 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई का लक्ष्य दिया गया है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे जारी इंडेंट और गन्ना पर्ची पर दर्ज तारीख के मुताबिक ही गन्ने की आपूर्ति करें। किसानों से साफ-सुथरा और ताजा गन्ना लाने की गुजारिश करते हुए उन्होंने कहा कि गन्ने में जड़ की मिट्टी, सूखी पत्तियां और अगोला नहीं होना चाहिए।

शिक्षा जगत में बिजनौर का बढ़ा मान : वेक्टर एकेडमी की डायरेक्टर कल्पना त्यागी को आईआईटी कानपुर से मिला सर्टिफिकेशन

जिले की पहली आई आई टी सर्टिफाइड साइकोलॉजी एक्सपर्ट

बिजनौर (चिंगारी)। जिले के शिक्षा जगत में एक बार फिर बिजनौर का नाम रोशन हुआ है। जिले के अग्रिणी कोचिंग संस्थान 'वेक्टर एकेडमी' की डायरेक्टर, प्रसिद्ध साइकोलॉजी एक्सपर्ट और नीट-आईआईटी करियर काउंसलर कल्पना त्यागी को देश के प्रतिष्ठित संस्थान आईआईटी कानपुर (IIT Kanpur) द्वारा साइकोलॉजी विषय पर एनपीटीएल सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया है। उन्होंने यह गौरवशाली प्रमाण-पत्र 80 प्रतिशत के कुल स्कोर एवं सिल्वर मेडल के साथ हासिल किया है। कोर्स ऑनलाइन होता है मगर सर्टिफिकेट के लिए निर्धारित सेंटर पर जाकर परीक्षा उत्तीर्ण करना आवश्यक है ।



ज्ञात हो कि कल्पना त्यागी पिछले पांच वर्षों से लगातार बिजनौर में अपनी समर्पित सेवाएं दे रही हैं। वह न केवल विद्यार्थियों की मानसिक और मनोवैज्ञानिक समस्याओं का समाधान करती हैं, बल्कि उन्हें नीट (NEET) और आईआईटी (IIT) जैसी देश की सबसे कठिन प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सही दिशा और सटीक काउंसलिंग भी प्रदान करती हैं। उनके प्रेरणादायक मार्गदर्शन के चलते प्रति वर्ष दर्जनों छात्र-छात्राएं अपने सपनों को साकार कर रहे हैं।

इस अवसर पर कल्पना त्यागी ने कहा कि शिक्षा और ज्ञान की कोई सीमा नहीं होती। एक शिक्षक और काउंसलर होने के नाते यह आवश्यक है कि वह स्वयं निरंतर सीखते रहें, ताकि वे अपने विद्यार्थियों को और बेहतर मार्गदर्शन दे सकें। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने परिवार, पति एवं मार्गदर्शक अंकित त्यागी,शुभचिंतकों और मेहनती विद्यार्थियों को दिया है।

प्रदेश कोर कमेटी में शामिल होने पर डॉ. मकसूद चौधरी स्वागत

नजीबाबाद (चिंगारी)। आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) ने संगठन को प्रदेश स्तर पर अधिक मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जलालाबाद निवासी डॉ. मकसूद चौधरी को उत्तर प्रदेश की प्रदेश कोर कमेटी का सदस्य नियुक्त किया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार चित्तौड़ ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। डॉ. मकसूद चौधरी की प्रदेश कोर कमेटी में नियुक्ति की सूचना मिलते ही क्षेत्र के पार्टी कार्यकताओं व समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। नियुक्ति के बाद लखनऊ से प्रथम बार जलालाबाद पहुंचने पर समर्थकों व कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया।

सड़क निर्माण का कार्य अधूरा पड़ा होने से उड़ रही धूल से परेशानी



नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के हरिद्वार रोड पर मालन नदी पुल से इंद्रलोक होटल तक सड़क निर्माण कार्य अधूरा पड़ा होने के कारण स्थानीय लोगों, दुकानदारों व राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क निर्माण कार्य शुरू होने के बाद बीच में ही रुक जाने से मार्ग पर धूल उड़ रही है। वाहनों की आवाजाही के दौरान उड़ने वाली धूल आसपास के दुकानदारों व राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण कार्य अधूरा रहने के कारण प्रतिदिन इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों को धूल व प्रदूषण की समस्या झेलनी पड़ रही है। दुकानदारों को भी परेशानी हो रही है। दोपहिया वाहन चालकों व पैदल चलने वाले लोगों को भी इस मार्ग से गुजरने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि जब सड़क निर्माण कार्य शुरू किया गया था तो उन्हें उम्मीद थी कि जल्द ही मार्ग की स्थिति बेहतर हो जाएगी, लेकिन निर्माण कार्य अधूरा रहने से समस्या बढ़ गई है। लोगों ने संबंधित विभाग से मांग की है कि सड़क निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा कराया जाए। जब तक निर्माण कार्य पूरा नहीं होता, तब तक सड़क पर नियमित रूप से धूल उड़ने से रोकने को पानी का छिड़काव कराने की मांग की गई है।

उर्दू के क्षेत्र में बेहतरीन काम करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया



नजीबाबाद (चिंगारी)। क़ौमी उर्दू शिक्षक कर्मचारी संघ भारत की जानिब से भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की जयंती पर उन्हें खिराजे अक़ीदत पेश करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर ग़ालिब एकेडमी हज़रत निजामुद्दीन दिल्ली में एक अजीमुश्शान उर्दू सेमिनार आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि चौधरी वासिल अली कौमी सदर रहे। सेमिनार में डॉक्टर तनवीर अहमद को राष्ट्रीय भाषा अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। चौधरी वासिल अली ने कहा कि उर्दू जिंदा है तो हम जिंदा हैं, उर्दू सिर्फ अल्फ़ाज़ों का नाम नहीं है, उर्दू तहज़ीब है, उर्दू मोहब्बत है, उर्दू अदब है। इस उर्दू को जिंदा रखने का काम जो ये संगठन कर रहा है वो किसी इबादत से कम नहीं है, आज के दौर में उर्दू की खिदमत करने की बेहद जरूरत है। सेमिनार का संचालन आबिद खान व हमीद खान ने किया। जबकि अध्यक्षता चौधरी वासिल अली ने की। सेमिनार में पूरे भारत के प्रदेशों में उर्दू भाषा, हिंदी भाषा व शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन काम करने वाले शिक्षकों को प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर व मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। सेमीनार को अतीका आफरीन तेलंगाना, हुसैनी आफरीन लातूर (महाराष्ट्र), शफीकुल्लाह नांदियाल आंध्र प्रदेश, अहसानुद्दीन हरिद्वार, गज़ाला अंजुम जाफराबाद कर्नाटक, अमीरुद्दीन बेलगाम कर्नाटक, सलीमुद्दीन नांदेड़ महाराष्ट्र, रफ़ीकुन्निसा नागपुर, अब्दुल हकीम अंसारी गढ़वा झारखंड, इरशाद अली मालेगांव, हबीब मसूद अली नांदेड़ महाराष्ट्र, डॉक्टर तनवीर अहमद, आबिद खान, हमीद खान ने सम्बोधित किया।

भरैका में पेयजल आपूर्ति सही नहीं होने से ग्रामीण परेशान

नजीबाबाद (चिंगारी)। किरतपुर ब्लॉक के अन्तर्गत राज्य पेयजल मिशन द्वारा ग्राम भरैका में लगाई गई टंकी से पेयजल आपूर्ति ठीक ढंग से नहीं हो पा रही है, यदा-कदा ग्रामीणों को पानी की आपूर्ति होती है। अधिकांश समय गांव में पानी की आपूर्ति बन्द पड़ी रहती है। ग्रामीणों ने गांव में पानी की आपूर्ति सुचारू रूप से नियमानुसार मानक के अनुरूप कराने एवं संबंधित अधिकारियों से पेयजल की आपूर्ति ठीक तरह से कराने की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि जलनिगम कर्मचारियो की लापरवाही के चलते उनके गांव में पेयजल आपूर्ति पिछले काफी समय से ठीक ढंग से नही हो रही है, जिससे ग्रामीणो में रोष व्याप्त है।

न शिव के, न राम-कृष्ण के सगे हैं मुख्यमंत्री- अखिलेश



लखनऊ (चिंगारी)। सीएम योगी आदित्यनाथ के 'सैफई में कहीं भैंस चरा रहे होते' वाले बयान पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तीखा पलटवार किया है। अखिलेश ने मुख्यमंत्री योगी पर गोपालकों का अपमान करने के साथ ही भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का यह बयान अक्षम्य है। अखिलेश ने दावा किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में हार की आशंका से मुख्यमंत्री की हताशा बढ़ती जा रही है और इसी वजह से उनकी भाषा का स्तर गिर रहा है। सपा प्रमुख ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लंबी पोस्ट लिखकर योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि गोपालकों को अपशब्द कहकर सीएम ने प्रकारांतर से गोपाल यानी भगवान श्रीकृष्ण का अपमान किया है। अखिलेश ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सनातन धर्म से अलग अपनी सत्ता स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने वाराणसी में पाल समाज पर लाठीचार्ज और राजमाता अहिल्याबाई होल्कर से जुड़ी प्रतिमा के कथित अपमान का मुद्दा भी उठाया। सपा अध्यक्ष ने लिखा पाल समाज को लाठी से पिटवाया था और गडरियों के होल्कर समाज से आनेवाली शिवजी की परम भक्त राजमाता देवी अहिल्याबाई जी की शिवलिंग ली हुई प्रतिमा का वाराणसी में घोर तिरस्कार किया था। ये न भगवान शिव के सगे हैं, न भगवान राम के, न भगवान कृष्ण के और न ही देवी अहिल्याबाई जी के। अखिलेश ने मुख्यमंत्री को सलाह दी कि सनातनी वस्त्र पहनकर निम्नस्तरीय भाषा का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

सोनू मालदार ने रक्तदान का मासूम की बचाई जान



बिजनौर ब्लड बैंक में अपना रक्तदान करते सोनू मालदार।

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला मुगलूशाह निवासी सोनू मालदार को रक्तदान महादान टीम के माध्यम से एक सात दिन के बच्चे शादमान के बीमार होने के कारण मंगला हॉस्पिटल बिजनौर में भर्ती होने तथा उसके लिए ब्लड की आवश्यकता होने का पता चला। जिसके बाद सोनू मालदार ने तुरंत हिंद ब्लड बैंक बिजनौर पहुंचकर बच्चे के लिए अपना रक्तदान किया। इतना ही नहीं सोनू से बात करते हुए जब बच्चे के बाप ने कहा हम कार भेज रहे हैं, आप आ जाइए। सोनू भाई बोले नहीं, मैं अपनी कार लेकर आ रहा हूँ। जब वह बिजनौर पहुंचे, तो परेशान परिवार ने कहा कार के तेल का खर्चा ले लीजिए। सोनू मालदार ने इंसानियत की मिसाल पेश करते हुए तेल के पैसे लेने से बिल्कुल मना करते हुए कहा कि आप तो खुद परेशान हैं, हम तेल के पैसे भी नहीं लेंगे। इस कार्य के लिए परिवार ने सोनू का दिल से आभार व्यक्त किया है। रक्तदान महादान टीम के अध्यक्ष हाजी फहीम अख्तर ने सोनू मालदार को सैल्यूट करते हुए कहा कि यही है असली रक्तवीर है, यही रक्तदान महादान है। उन्होंने सोनू मालदार के इस कार्य के लिए अल्लाह से उनकी सेहत के लिए दुआ की।

देवानंदपुर गढ़ी में बढ़ रहा मोर का कुनबा

ग्रामीण उपलब्ध करा रहे सुरक्षित वातावरण

अफजलगढ़ (चिंगारी)। जहां कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के वन क्षेत्र में राष्ट्रीय पक्षी मोर का दिखाई देना अब अपेक्षाकृत कम होता जा रहा है, वहीं उत्तर प्रदेश के तीसरे सबसे बड़े बाघ आरक्षित वन क्षेत्र अमानगढ़ के समीप स्थित ग्राम देवानंदपुर गढ़ी एक नई मिसाल पेश कर रहा है। यहां राष्ट्रीय पक्षी मोर का कुनबा लगातार बढ़ रहा है। ग्राम में सुबह और शाम खेतों तथा पेड़ों पर दर्जनों मोरों का एक साथ दिखाई देना अब आम बात हो गई है। कभी-कभार नजर आने वाले मोरों के झुंड अब ग्राम के प्राकृतिक वातावरण का हिस्सा बन चुके हैं।


ग्राम देवानंदपुर गढ़ी में विचरते मोर।

ग्रामीणों का कहना है कि कुछ वर्ष पहले ग्राम में भी मोरों की संख्या काफी कम थी, लेकिन पिछले दो-तीन वर्षों से इनके संरक्षण को लेकर ग्रामीणों ने गंभीरता दिखाई है। अब ग्राम के लोग मोरों की सुरक्षा को अपनी जिम्मेदारी समझते हैं। ग्रामीण न केवल मोरों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध करा रहे हैं, बल्कि शिकारी कुत्तों से उनके अंडों और नन्हे बच्चों को बचाने के लिए भी विशेष सतर्कता बरत रहे हैं। ग्राम के लोगों का प्रयास रहता है कि मोरों को किसी तरह का नुकसान न पहुंचे और वे बिना किसी भय के खुले वातावरण में विचरण कर सकें। टीम टाइगर सेविन समिति के अध्यक्ष /वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर ए आर रहमान ने बताया कि समिति लगातार ग्रामीणों को वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूक कर रही है। समिति के सदस्यों द्वारा मोरों के लिए पानी की व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही शिकार और अन्य शिकारी गतिविधियों पर भी नजर रखी जाती है। ग्रामीणों के सहयोग से चलाए जा रहे इस अभियान का सकारात्मक परिणाम अब ग्राम में साफ दिखाई देने लगा है। समिति का प्रयास है कि अधिक से अधिक ग्रामीणों को इस मुहिम से जोड़ा जाए ताकि आने वाले समय में मोरों के लिए और बेहतर तथा सुरक्षित वातावरण तैयार किया जा सके।

लखनऊ में महारैली की तैयारी क्षेत्र में घूमे उस्मान अंसारी


हाजी मो. उसमान

राजा का ताजपुर (चिंगारी)। हाफ़िज उस्मान अंसारी ने आगामी 26 नवंबर को संविधान दिवस पर लखनऊ में होने जा रही आजाद समाज पार्टी व भीम आर्मी की महारैली को सफल बनाने के लिये विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में जनसंपर्क किया। ग्राम रवाना, सैदपुर, ताजपुर, बुढ़नपुर में जनसंपर्क के दौरान हाफ़िज उस्मान अंसारी ने कहा कि हमारा संविधान सभी के अधिकारों की हिफाजत करता है। संवैधानिक अधिकारों को जानना व उसके बचाव हेतु काम करना समय की आवश्यकता है। आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद चंद्रशेखर आजाद द्वारा देश भर में संवैधानिक अधिकारों को बचाने के लिए लोगों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। आगामी 26 नवंबर को लखनऊ के ग्राउंड में एक विशाल सभा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने इस सभा में पार्टी कार्यकर्ताओं, संविधान रक्षकों से पहुंचने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस बार विधानसभा चुनाव में सत्ता परिवर्तन की लहर रहेगी। प्रदेश में आसपा नेतृत्व की सरकार बनेगी।

ईख में छिपे हुए हैं काफी गुलदार गन्ने की कटाई से आने लगे बाहर

चांदपुर (चिंगारी)। खेतों में गन्ने की कटाई का कार्य शुरू होने के साथ ही गन्ने के खेत में छुपे गुलदार बाहर निकलना शुरू हो गये हैं। जंगलों में गुलदार दिखाई देने से किसानों में भय व्याप्त है। गुलदार द्वारा ग्राम रूपपुर में बस्ती के भीतर से कुत्ते को उठाकर ले जाने से ग्रामीण खौफजदा हैं। दो दिन पूर्व गुलदार ग्राम गंधौर के जंगल में दिखाई दिया था। बुधवार की तड़के ग्राम रूपपुर में जिस समय अधिकतर ग्रामीण सोते हुए थे, गुलदार गांव के अंदर आया तथा एक कुत्ते को उठाकर ले गया। ग्रामीणों ने बताया कि गन्ने के खेतों में काफी गुलदार छिपे हुए हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से गांव के जंगल में गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाये जाने की मांग की है।

मृत्युभोज पर प्रतिबंध लगाया

नहटौर (चिंगारी)। ग्राम जलालपुर तुर्क में ग्रामवासियों, बुजुर्गों, युवाओं और गणमान्य व्यक्तियों की सर्वसम्मति से समाज सुधार को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से मृत्युभोज पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया। अब किसी भी परिवार पर मृत्युभोज के लिए दबाव नहीं डाला जाएगा। किन्नरों को 1100 रुपये से अधिक राशि देने पर रोक लगाई गई। श्मशान घाट पर किसी भी प्रकार की मिठाई वितरित करने पर भी रोक लगा दी गई। नियम तोड़ने पर जुर्माना लगाया जाएगा। ग्रामवासियों ने कहा कि यह पहल पूरे क्षेत्र के लिए मिसाल बनेगी और अन्य गांवों को भी प्रेरणा देगी। इस अवसर पर रोहताश सिंह, ब्रजपाल सिंह, कुलदीप फौजी, अमरदीप कुमार, देवेंद्र सिंह, बिजेंद्र, प्रवेंद्र सिंह, प्रीतम, ब्रह्मपाल सिंह, केशव, सचिन, अनिल आदि उपस्थित रहे। वहीं, जाट जागृति मंच एसोसिएशन नहटौर की ओर से भी ग्रामीणों द्वारा लिए गए निर्णय की सराहना की गई है। उन्होंने कहा कि समाज में व्याप्त बुराइयों को पूरे ग्रामीणों द्वारा समाप्त किया जा रहा है, जो अन्य के लिए भी प्रेरणादायी है।

बाइक चोरी के दो आरोपी गिरफ़्तार, तीन बाइक बरामद

हीमपुर दीपा (चिंगारी)। एक बड़ी सफलता अर्जित करते हुए हीमपुर दीपा पुलिस टीम ने दो बाइक चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की गई तीन बाइकें बरामद करने का भी पुलिस ने दावा किया। थाना क्षेत्र के मुंढाल गांव निवासी शहजाद ने 2 नवंबर 2026 को बाइक चोरी के संबंध में एक तहरीर दी थी। मंगलवार को बाइक चोरी के दो आरोपी कौशिक पुत्र संजय (23 वर्ष) व दीपक पुत्र सुखवीर (19 वर्ष) निवासी ग्राम धींवरपुरा आखिरकार



पुलिस के हत्थे चढ़ गए। उनकी निशानदेही पर एक हीरो स्प्लेंडर, एक पैशन और एक अपाचे बाइक बरामद की गई। पुलिस के अनुसार हीरो स्प्लेंडर के संबंध में थाने में मुकदमा दर्ज है, जबकि शेष बरामद दो अन्य बाइकों की जानकारी जुटाई जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक राहुल कुमार, हेड कांस्टेबल दिनेश चहल के अलावा राहुल चौधरी, मन्नू राणा, राजकुमार, सुमित पवार आदि कांस्टेबल शामिल रहे।

पुलिस कर रही थी वाहन चैक महिला के पास मिली स्मैक



किरतपुर (चिंगारी)। पुलिस ने वाहन चैकिंग के दौरान एक महिला को 36.5 ग्राम स्मैक के साथ पकड़ा और जेल भेज दिया। चिंगारी को पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कस्बा इंचार्ज अजीत सिंह कल वाहन चैकिंग के साथ संदिग्धों की चैकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक महिला पुलिस को देखकर तेज चलने लगी। शक हुआ तो पुलिस ने उसकी तलाशी ली। उसके कब्जे से 36.5 ग्राम स्मैक मिली, जिसमें दो पुड़ियां थीं। महिला ने अपना नाम निशात पत्नी फहीम निवासी स्थानीय मोहल्ला कोटला किरतपुर बताया। पकड़ी गई स्मैक की कीमत लगभग 70000 रुपए है। थाना अध्यक्ष अमर सिंह ने बताया कि महिला ने पुलिस को बताया कि वह काफी समय से स्मैक बेचती थी। पुलिस ने उसे एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल भेज दिया। थाना अध्यक्ष अमर सिंह राठौड़ ने कहा कि नगर में, क्षेत्र में नशे का कारोबार नहीं होने दिया जाएगा।

सैदपुरी में हुए झगड़े में पति-पत्नी व उनके दो नाबालिग पुत्रों के विरूद्ध मुक़दमा दर्ज

नांगल सोती (चिंगारी)। विगत 8 नवंबर को नांगल थानांतर्गत ग्राम रसूलपुर सैद उर्फ सैदपुरी में इकराम तथा उस्मान के परिवारजनों के बीच झगड़ा हो गया था। झगड़े में एक पक्ष से मौ. कैश (14 वर्ष) पुत्र इकराम तथा दूसरे पक्ष से फिरदौस पत्नी उस्मान सिर में चोट लगने से घायल हो गये थे। पुलिस ने इकराम पुत्र अब्दुल समी की तहरीर पर उस्मान पुत्र यूसुफ, उसकी पत्नी फिरदौस तथा उनके दो नाबालिग पुत्रों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है। थानाध्यक्ष अन्नू कुमारी ने बताया कि फिलहाल तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है, बाद में विवेचना के दौरान मेडिकल रिपोर्ट के


अस्पताल में भर्ती मौ. कैश

आधार पर धाराओं की वृद्धि की जायेगी। इकराम का कहना है कि उसके पुत्र मौ. कैश की हालत सीरियस बनी हुई है। जिला अस्पताल बिजनौर से रैफर किये जाने पर उसे दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल, देहरादून में भर्ती कराया गया है। उसके सिर में काफी गंभीर चोटें आई हैं। इकराम का कहना है कि जब वह अपने पुत्र को बचाने गया था, तो उसके साथ भी मारपीट की गई थी। उधर दूसरे पक्ष के उस्मान का कहना है कि उसकी पत्नी फिरदौस का सिर फट गया है, वह जिला अस्पताल बिजनौर में भर्ती है। उस्मान का कहना है कि उसे तथा उसके पुत्रों को भी गुम चोटें आई हैं।

त्यौहारों पर पर्यटकों ने की खूब जंगल सफारी



जिप्सी में सवार जंगल सफारी को जाते पर्यटक।

कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। दिवाली के बाद के तीन दिनों में लोगों ने त्यौहारों की परंपरा निभाने के साथ-साथ अमानगढ़ टाइगर रिजर्व एरिया में जंगल सफारी का भी जमकर आनंद लिया। वन क्षेत्राधिकारी अमानगढ़ श्रीमति अंकिता किशोर ने बताया कि दिवाली बाद के प्रथम दिन सोमवार को पांच जिप्सियों द्वारा 27 पर्यटकों व उससे अगले दिन मंगलवार को आठ जिप्सियों में 45 पर्यटकों ने वन क्षेत्र का सैर सपाटा किया जबकि दिवाली के तीसरे दिन यानि गत दिवस बुधवार को सुबह की शिफ्ट में एक जिप्सी व शाम की शिफ्ट में आठ जिप्सियों में सवार होकर 44 पर्यटकों ने अमानगढ़ टाइगर रिजर्व एरिया में जंगल सफारी की। इन तीन दिनों में जंगल सफारी को गई जिप्सियों के 22 राउंड में कुल 116 सैलानी वन क्षेत्र में घूमें। अंकिता किशोर ने आगे बताया कि जंगल सफारी कर वापस लौटे कई पर्यटकों ने अमानगढ़ टाइगर रिजर्व एरिया में अपने इस सफर के सुखद पलों को साझा करते हुए बताया कि उन्हें जहां एक ओर टाइगर के दीदार हुए वहीं एक साथ कई-कई हाथियों की चहलकदमी देखकर भी जमकर आनंद आया।

अभी तक नहीं हुई कोई ऑनलाइन बुकिंग

अमानगढ़ टाइगर रिजर्व एरिया में जंगल सफारी के लिए इस बार ऑनलाइन बुकिंग की भी व्यवस्था की गई है मगर इस सत्र के शुभारंभ के 11 दिन बीत जाने पर भी अभी तक कोई ऑनलाइन बुकिंग नहीं हो पाई है। इन दिनों में जंगल सफारी को आए सभी पर्यटकों ने केहरीपुर कैंप कार्यालय परिसर में स्थित बुकिंग काउंटर पर पहुंचकर ही बुकिंग प्रक्रिया पूर्ण कर जंगल सफारी की।

भैया दूज का पर्व धूमधाम से मनाया



हल्दौर (चिंगारी)। नगर में भैया दूज का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने भाइयों का टीका कर उनकी दीर्घायु की कामना की। बुधवार को नगर में भाई बहन के अटूट प्रेम का पर्व भैया दूज पर काफी भीड़ व रौनक रही। त्यौहार को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला। बहनों ने पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी दीर्घायु, अच्छे स्वास्थ्य और सुख समृद्धि की कामना की और भाइयों को गोला भेंट कर उनका मुंह मीठा कराया। भाइयों ने भी अपनी बहनों को उपहार आदि भेंट किये। इस मौके पर नगर में मिठाई व फल आदि की दुकानों पर काफी भीड़ रही।

घोड़ा बुग्गी की टक्कर से युवक का पैर टूटा

नांगल सोती (चिंगारी)। ग्राम शहजादपुर निवासी खुशनुदा ने आज दोपहर पुलिस को दिये प्रार्थना-पत्र में कहा है कि उसकी पुत्री-दामाद गांव में ही रहते हैं। गत रात्रि लगभग साढ़े सात बजे उसका दामाद रहीमुद्दीन बाइक से चंदक की ओर से अपने घर आ रहा था। नांगल-चंदक मार्ग पर ग्राम खानपुर के तिराहे के समीप एक घोड़ा-बुग्गी ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह बेहोश हो गया। परिजनों ने उसे बिजनौर के एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सक ने बताया कि रहीमुद्दीन का पैर टूट गया है। घायल के परिजनों का कहना है कि घोड़ा-बुग्गी चालक ग्राम जालपुर का रहने वाला है, परंतु उन्हें उसका नाम नहीं पता है। पुलिस से घोड़ा-बुग्गी चालक का पता लगाकर कार्यवाही करने की मांग की गई है।

फिर हादसे का सबब बनी निर्माणाधीन पुलिया

बाइक सवार तीन घायल

कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। भूतपुरी-जसपुर मार्ग पर सुआवाला बस स्टैंड के पास मेन रोड पर बन रही पुलिया का काम धीमी गति से चलने के कारण आवागमन में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है इससे आये दिन हादसे भी हो रहे हैं। निर्माणाधीन पुलिया के गड्ढ़ों में गिरकर अब तक दर्जनों राहगीर घायल हो गए हैं। ग्रामीणों द्वारा इस बाबत स्थानीय संबंधित अधिकारियों से की गई शिकायत के बाद भी इस ओर कोई गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। बुधवार को भी इसी निर्माणाधीन पुलिया के गड्ढे की चपेट में आकर 50 वर्षीय जयप्रकाश शर्मा पुत्र मनीष कुमार शर्मा निवासी ग्राम अलीगंज रोड काशीपुर व दूसरी बाइक पर सवार दो व्यक्ति अरविंद कुमार पुत्र हरकेश सिंह व रतन सिंह पुत्र रोशन सिंह निवासी ग्राम पूरनपुर नादेही जसपुर



घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों वसीम, सुलेमान इसरार, नरेश ध्यान सिंह व मोहसिन सैफी आदि ने संबंधित अधिकारियों से गंभीरतापूर्वक ध्यान देने की मांग की है।

मेले की तैयारियों का जायजा लिया



गंगा स्नान मेले की तैयारियों का निरीक्षण करते एसडीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं नायब तहसीलदार

नांगल सोती (चिंगारी)। उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह तथा नायब तहसीलदार अमित कुमार ने गंगा स्नान मेले की तैयारियों का निरीक्षण करते हुए मेला समिति को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। नायब तहसीलदार अमित कुमार, मेला प्रभारी वीरेन्द्र शर्मा, गौतम कुमार उर्फ लाला, सत्यपाल राजपूत, नांगल थाने के एसआई विनोद कुमार आदि मौजूद रहे। इससे पहले मेला संयोजक, ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने बाहे पर पहुंचकर मेले की तैयारियों का जायजा लिया था। उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि गंगा स्नान मेले में श्रद्धालुओं की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जायेगा। प्रशासन की ओर से मेला समिति को पूरा सहयोग दिया जायेगा।

श्रद्धापूर्वक मनाया गया भैयादूज पर्व



कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। भाई-बहन के पवित्र रिश्ते एवं अटूट बंधन का प्रतीक भैयादूज पर्व क्षेत्र में श्रद्धापूर्वक मनाया गया। बहनों के द्वारा भाइयों का तिलक लगाते हुए उनके स्वस्थ जीवन और लंबी उम्र की कामना की गई। जहां एक ओर तमाम महिलाएं अपने-अपने भाइयों के यहां पहुंची, वहीं बहुत सी जगह बहनों के न पहुंच पाने की दशा में भाइयों ने बहनों के पास पहुंचकर उनकी रक्षा का वचन दिया। सड़कों पर दौड़ रहे वाहनों की पूर्व दिनों के मुकाबले खासी तादाद दिखाई दी। यात्री वाहनों में भी भारी भीड़ देखी गई। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस जगह-जगह मुस्तैद रही।

बर्दाश्त नहीं कर सकी खनन का लोड, टूट गई नई सीसी रोड

खनन माफियाओं की मनमानी



नहटौर (चिंगारी)। झील कॉलोनी में खनन माफियाओं की मनमानी से नगर पालिका नहटौर की लाखों की नई सीसी सड़क टूट गई है। बड़े प्लाट में रातोरात 6 फीट से अधिक मिट्टी भराव कराया जा रहा है। मिट्टी से भरे ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रालियों के आवागमन से सड़क का एक हिस्सा धंस गया और किनारे से टूटकर मिट्टी के ढेर में मिल गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार रात के अंधेरे में मिट्टी लाकर प्लाट को ऊंचा किया जा रहा है। दिन में भी वाहनों की आवाजाही से धूल और कीचड़ फैल रहा है। टूटी सड़क से कॉलोनीवासियों, स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। दोपहिया वाहन चालकों को गिरने का खतरा बना रहता है। आरोप है कि मिट्टी भराव से नाले और रास्ते भी बाधित हो रहे हैं। बारिश में जलभराव की समस्या और बढ़ सकती है। अवैध भराव पर तत्काल रोक लगाने, क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत कराने और दोषियों पर जुर्माना लगाने की मांग की है। इस मामले में पालिका ईओ रवि शंकर शुक्ला ने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी। जांच में दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

झालू के पत्रकार नरेन्द्र चौधरी का निधन

झालू (चिंगारी)। कस्बा झालू के मोहल्ला चौधरियान निवासी पत्रकार नरेंद्र चौधरी का मंगलवार रात निधन होने से नगर के पत्रकारों, सामाजिक, राजनीतिक, व नगरवासियों ने गहरा दुःख व्यक्त किया है। नरेंद्र चौधरी काफी लंबे समय से प्रिंट मीडिया से जुड़े रहे। उनका लगभग 45 वर्ष की छोटी उम्र में निधन हो जाने से उनके साथी व परिवारजन बेहद शोक में है। मंगलवार रात उनके निधन की सूचना मिलते ही कई गणमान्य लोग उनके आवास पर पहुंचे और शोक संवेदना प्रकट की। चिंगारी परिवार भी हार्दिक शोक संवेदना प्रकट करता है और परिवार को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना करता है।

कार की चपेट में आकर बच्चे की मौत, मां घायल

धामपुर (चिंगारी)। नगीना-धामपुर मार्ग स्थित ग्राम तीबड़ी के निकट एक कार की चपेट में आकर 5 वर्षीय बालक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बबीता रानी अपने 5 वर्षीय पुत्र ऋषभ उर्फ लड्डू और अपनी रिश्ते की बहन निशा के साथ गांव बसेरा नारायण भैया दूज का त्योहार मनाने के लिए जा रही थी। ग्राम तीबड़ी के निकट सड़क पार करते समय उनका 5 वर्षीय पुत्र ऋषभ कार की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना में मृतक की मां बबीता और निशा रानी भी गंभीर रूप से घायल हो गई, जिन्हें सरकारी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बाहर रैफर कर दिया गया है।

माता रानी की चौकी में हुई भजनों की अमृत वर्षा

धामपुर (चिंगारी)। नगर की धार्मिक संस्था नवदुर्गा जागरण पार्टी के 51वें वर्ष में प्रवेश करने के उपलक्ष्य मे माता रानी की चौकी का आयोजन किया गया, जिसमें जगदंबिका भवानी एवं बालाजी महाराज के दरबार से जुड़ी तीन रस्तोगी बहनों तथा माता रानी की उपासक गौरी वर्मा ने अपने भजनों की प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में धूम मचा दी। नवदुर्गा जागरण पार्टी के संस्थापक सरदार महेंद्र सिंह सलूजा आराधक सहित सरदार मंजीत सिंह सलूजा साधक, सरदार मनप्रीत सिंह बॉबी एवं सरदार हर्षदीप सिंह सलूजा सिदक के संयोजन में आयोजित माता रानी की चौकी का शुभारंभ सामूहिक पूजन से किया गया जिसके मुख्य यजमान नगर के समाजसेवी व्यापारी प्रदीप कुमार अग्रवाल एवं उनकी धर्मपत्नी मनीषा अग्रवाल रहे। जबकि अन्य यजमानों की भूमिका जितेंद्र कुमार सैनी राजवती देवी सैनी रोशनी सैनी तथा उनके परिवार के सदस्यों ने प्रदर्शित की। पूजन कार्यक्रम को पुरोहित आचार्य पंडित दीपक कुमार शर्मा ने संपादित कराया। पूजन के उपरांत माता रानी के दरबार में पावन ज्योति प्रज्वलित की गई इसके बाद तीनों रस्तोगी बहनों कृतिका रस्तोगी ,रिद्धि रस्तोगी एवं सिद्धि रस्तोगी तथा गौरी वर्मा के साथ ही हरिद्वार से पधारे स्वामी बबलू गिरि, गुड्डू परवाना, बिजनौर से पहुंचे पंडित नरेंद्र कुमार शर्मा आदि ने भजनों की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में वरिष्ठ रोटेरियन एसपी सलूजा लक्ष्मी नारायण सैनी आढ़ती, डॉ. अनुज कुमार वर्मा, रीना देवी वर्मा, ध्रुव वर्मा, पंकज विश्नोई, संजय शर्मा, बिल्लू शर्मा, ओमप्रकाश सैनी, कैटर्स आदि को विशेष सम्मान प्रदान किया गया।


भजन सुनाते हुए भजन गायक रस्तोगी बहने।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

कायस्थ महासभा ने मनाया भगवान चित्रगुप्त प्रकटोत्सव

धामपुर (चिंगारी)। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा धामपुर द्वारा भगवान चित्रगुप्त के प्रकटोत्सव पर डॉ. कुशाग्र सक्सैना के आवास पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर सुधीर कुमार सक्सेना ने बताया कि ब्रह्मा जी के 11000 वर्ष तक तप करने के बाद उनके शरीर से एक दिव्य पुरुष का प्रादुर्भाव हुआ जिनके हाथ में कलम- दवात और कमर में तलवार थी। यह ब्रह्मा जी के 17 वें मानस पुत्र माने जाते हैं इनकी दो पत्नियों थी। सूर्य दक्षिणी नंदिनी एवं अरावती। सूर्य दक्षिणी नंदिनी के चार पुत्र हुए और अरावती के आठ पुत्र हुए। इन्हीं 12 पुत्रों की वंशावली हम हैं।

उन्होंने कहा कि हम लोगों को कायस्थ परिवार की एकता को बनाए रखना है और देश, समाज और जाति के सुख दुःख में सहभागिता करनी है । हम अपने संगठन को मजबूत करें और देश समाज और जाति के लिए कल्याणकारी बने। कार्यक्रम में सर्वश्री अरुण भटनागर, डॉ. संजय भटनागर, राजेन्द्र भटनागर, डॉ. आरपी निगम, अवधेश सक्सैना, सुधीर सक्सैना, पंकज भटनागर, रवि माथुर, अर्पित माथुर, मनोज भटनागर, तरुण सक्सैना, पर्व सक्सैना, प्रणय भटनागर, वेदांश सक्सैना, रुदांश सक्सैना, डॉ. करिश्मा सक्सैना, तान्या सक्सैना आदि चित्रांश बंधु उपस्थित रहे।


चित्रगुप्त के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए महिलाएं।

धार्मिक स्थल पर लगी हाई मास्ट लाइट खोल कर ले गये, श्रद्धालुओं में रोष

धामपुर (चिंगारी)। क्षेत्र के गांव सरकड़ा चकराजमल में एक धार्मिक स्थल पर लगी लाइट को खोलकर ले जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि तीन लोग बड़ी लाइट लगाने की बात कहकर वहां लगी लाइट खोलकर ले गए, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटे। घटना के बाद से धार्मिक स्थल पर अंधेरा छा गया और श्रद्धालुओं में नाराजगी है। ग्रामीणों के अनुसार, करीब पांच महीने पहले क्षेत्रीय विधायक अशोक कुमार राणा ने इस धार्मिक स्थल पर रोशनी के लिए लाइट लगवाई थी। लाइट लगने के बाद परिसर में उजाला रहने लगा था। आरोप है कि बीते दिनों तीन लोग धार्मिक स्थल पर पहुंचे और वहां लगी लाइट खोलने लगे। जब मंदिर के पुजारी और अन्य लोगों ने उनसे इस बारे में जानकारी की तो उन्होंने बताया कि पुरानी लाइट उतारकर इससे बड़ी लाइट लगाई जाएगी, जिससे धार्मिक स्थल पर अधिक रोशनी हो सकेगी।

ग्रामीणों का कहना है कि तीनों लोग लाइट खोलकर अपने साथ ले गए और देर शाम तक वापस नहीं लौटे। काफी समय बीतने के बाद भी जब नई लाइट नहीं लगाई गई तो ग्रामीणों को संदेह हुआ। इसके बाद उन्होंने रानी बाग चौकी और डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सूचना देने के बावजूद पुलिस मौके पर पहुंचकर प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रही है। इस घटना को लेकर धार्मिक स्थल से जुड़े लोगों और श्रद्धालुओं में नाराजगी है। ग्रामीणों ने मामले की जांच कर लाइट ले जाने वाले लोगों का पता लगाने और धार्मिक स्थल पर दोबारा रोशनी की व्यवस्था कराने की मांग की है।



अखिलेश यादव के अयोध्या प्रवेश पर संतों का विरोध करना सही : आकाश

धामपुर (चिंगारी)। धामपुर विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के मीडिया प्रभारी आकाश शर्मा ने कहा कि जिनके हाथ अयोध्या में कार सेवकों के खून से रंगे हो संत समाज का ऐसे लोगों का अयोध्या में आने पर विरोध करना सही है। प्रेस को जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी और उनके नेताओं ने हमेशा अयोध्या धाम में बने श्री राम मंदिर का विरोध किया है। इस पार्टी का श्री राम मंदिर के निर्माण में भी कोई योगदान नहीं है। सपा शासन काल में वर्ष 1990 में यहां कार सेवको पर अंधाधुंध गोलियां वर्षा कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया गया था। उस समय के मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने कहा था कि अयोध्या में परिंदा भी पर नहीं मार सकता परंतु अयोध्या में लाखों कार सेवक पहुंच गये थे। उन्होंने कहा कि विधानसभा के चुनाव नजदीक हैं, ऐसे में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव अयोध्या में श्री राम मंदिर में श्री राम लाल के दर्शन करके हिंदुओं के वोट लेने के लिए ऐसा कर रहे हैं। परंतु हिंदू समाज सपा के दौहरे चरित्र को भली-भांति जानता है। उन्होंने कहा कि अयोध्या का संत समाज आज आक्रोशित है संत समाज द्वारा सपा मुखिया अखिलेश यादव के अयोध्या आने का विरोध करना सही कदम है।


आकाश शर्मा

जैतरा चुंगी से प्लेटफार्म तक पैदल ओवर ब्रिज बनाने की मांग

भाकियू (अ) ने दिया ज्ञापन

धामपुर (चिंगारी)। धामपुर रेलवे स्टेशन का नवीनीकरण होने के बाद माल यार्ड का निर्माण कराए जाने के लिए रेलवे विभाग द्वारा की जा रही बाउंड्री वाल के कारण दक्षिण दिशा में रहने वाले हजारों ग्रामीणों और आम नागरिकों के लिए पैदल ओवरब्रिज की सुविधा उपलब्ध नहीं होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की ओर से केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को ज्ञापन भेजकर धामपुर रेलवे स्टेशन पर जाने के लिए जैतरा चुंगी से उप जिलाधिकारी कार्यालय तिराहा तक जाने वाली सड़क पर से पैदल ओवरब्रिज का निर्माण कराए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि धामपुर रेलवे स्टेशन उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के अंतर्गत आता है। स्टेशन का नवीनीकरण कराया जा चुका है तथा यहां माल यार्ड भी बनाया गया है, लेकिन स्टेशन के दक्षिण दिशा की ओर रहने वाले लोगों की सुविधा को लेकर अभी तक पैदल ओवरब्रिज का निर्माण नहीं कराया गया है। दक्षिण दिशा में कई महत्वपूर्ण सरकारी कार्यालय स्थित हैं।

ज्ञापन में कहा गया है कि यदि जैतरा चुंगी से उप जिला अधिकारी कार्यालय तक की सड़क से पैदल ओवरब्रिज का निर्माण करा दिया जाए तो हजारों लोगों को प्रतिदिन इसका लाभ मिल सकता है। संगठन ने कहा है कि यह निर्माण जनहित में अत्यंत आवश्यक है। धामपुर क्षेत्र की बढ़ती आबादी, सरकारी कार्यालयों की स्थिति और स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों की जरूरतों को देखते हुए रेलवे विभाग को इस समस्या पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।

ज्ञापन में संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द से जल्द पैदल ओवरब्रिज का निर्माण नहीं कराया गया तो भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) धामपुर में आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।


स्टेशन मास्टर को ज्ञापन देते हुए ग्राम जैतरा के नागरिक।

कैंची धाम के पास खाई में गिरी कार, एक की मौत घायल हुए चार

देहरादून (चिंगारी)। मध्य रात्रि आपदा कंट्रोल रूम नैनीताल से प्राप्त सूचना के अनुसार कैंची धाम के समीप निगलाट क्षेत्र में देर रात एक स्विफ्ट डिजायर कार अनियंत्रित होकर लगभग 200 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। दुर्घटनाग्रस्त वाहन संख्या यूपी 25 ईजे 4586 में कुल पांच लोग सवार थे, जो सभी बरेली (उत्तर प्रदेश) के निवासी थे। दुर्घटना की सूचना प्राप्त होते ही एसडीआरएफ पोस्ट खैरना से उप निरीक्षक देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में टीम तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। घटनास्थल पर पहुंचकर एसडीआरएफ टीम द्वारा त्वरित रेस्क्यू अभियान चलाया गया। रेस्क्यू के दौरान स्थानीय पुलिस के साथ आपसी समन्वय के साथ टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद चार घायलों को खाई से सुरक्षित बाहर निकालकर एम्बुलेंस के माध्यम से उपचार हेतु सीएचसी भवाली पहुंचाया। वहीं दुर्घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई थी, जिसका शव खाई से बाहर निकालकर आवश्यक कार्रवाई हेतु जिला पुलिस के सुपुर्द किया गया।



जिलाधिकारी की पहल के बाद बालिकाओं का हुआ दाखिला

कोटद्वार (चिंगारी)। कोटद्वार के सिमलचौड़ स्थित राजकीय किशोरी संप्रेक्षण एवं पुनर्वास केंद्र में रह रही बालिकाओं के जीवन में शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से नयी उम्मीदें जग रही हैं। जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया की पहल के बाद केंद्र में रह रही बालिकाओं का विद्यालयों में दाखिला कराया गया है। अब बालिकाएं नियमित रूप से स्कूल जाकर पढ़ाई कर रही हैं। किताबों से जुड़ने के साथ ही उनके मन में अपने भविष्य को लेकर नए सपने आकार लेने लगे हैं। कोई सरकारी नौकरी हासिल कर आत्मनिर्भर बनना चाहती है तो कोई देश और समाज की सेवा करने का सपना देख रही है। जिलाधिकारी ने गत 18 अक्टूबर को केंद्र का निरीक्षण कर वहां रह रहे बच्चों से संवाद किया था। इस दौरान बच्चों ने बताया कि वे विद्यालय नहीं जाते हैं। इस पर जिलाधिकारी ने गंभीरता दिखाते हुए जिला परिवीक्षा अधिकारी को बालिकाओं का विद्यालयों में दाखिला सुनिश्चित कराने और उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के निर्देश दिए थे। जिलाधिकारी की पहल के बाद अब बालिकाओं का स्कूलों में प्रवेश हो चुका है और वे नियमित रूप से अपनी पढ़ाई कर रही। केंद्र की अधीक्षिका विजय लक्ष्मी भट्ट ने बताया कि बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ने के साथ ही उनके कौशल विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्हें पेंटिंग, क्राफ्टिंग सहित विभिन्न गतिविधियों का नियमित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बालिकाएं इन गतिविधियों में रुचि लेकर प्रतिभाग कर रही हैं और धीरे-धीरे इनमें दक्षता हासिल कर रही हैं। कहा कि शिक्षा के साथ अर्जित किए जा रहे ये हुनर भविष्य में उनके पुनर्वास और आत्मनिर्भर जीवन की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होंगे।

सामूहिक कन्या विवाह 22 को

कोटद्वार (चिंगारी)। भारत विकास परिषद की ओर से 22 नवम्बर को 7 कन्याओं के सामूहिक सरल विवाह समारोह का आयोजन किया जायेगा। परिषद की ओर से नवविवाहित वर-वधू को जीवनोपयोगी वस्तुएं भी भेंट की जायेंगी। यह जानकारी देते हुए परिषद संयोजक कैलाश चन्द्र अग्रवाल ने बताया कि विवाह समारोह नजीबाबाद रोड स्थित एक बारातघर के सभागार में होगा। सभी विवाहो का खर्चा परिषद स्वयं वहन करेगी। बताया कि समारोह को संचालित करने हेतु राजेंद्र जखमोला को सह संयोजक का दायित्व सौंपा गया है।

मोबाइल की दुकान में चोरी करने वाले चार गिरफ़्तार, एक फ़रार

24 मोबाइल फोन समेत आई पैड, लैपटॉप बरामद

ऋषिकेश (चिंगारी)। स्थानीय पुलिस ने मोबाइल फोन की दुकान में चोरी करने के चार आरोपियों को अनेक मोबाइल फोन, लैपटाप आदि के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की, जबकि उनका साथी हत्थे नहीं चढ़ पाया।

जानकारी के अनुसार शिवाजी नगर निवासी अश्वनी गुप्ता ने 6 नवम्बर को अपनी 'मोबाइल वर्ल्ड' नामक दुकान से अनेक कम्पनियों के मोबाइल फोन, लैपटाप, डेमो फोन चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिस पर पुलिस टीम चोरों व चोरी की सामान की तलाश कर रही थी। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर नटराज चौक की ओर से आते दो मोटर साइकिलों पर आ रहे चार युवकों को रोक कर एक युवक के पिट्ठू बैग की तलाशी ली, तो उसमें रखे 24 मोबाइल फोन, एक एप्पल आईपैड, एचपी कम्पनी के 3 लैपटाप बरामद हुये। पूछताछ के दौरान उन्होंने अश्वनी गुप्ता की दुकान में चोरी करना स्वीकार करते हुए बताया कि उनके साथ एक अन्य साथी संदीप के पास भी चोरी का सामान है। वह हमारे साथ नहीं आया। हम ये सामान बेचने जा रहे थे। पुलिस ने चारों अभियुक्तों नितिन दास, अभिषेक थापा, योगेन्द्र उर्फ दीपक तथा रोहन के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ दोनों मोटर साइकिलें जब्त कर लीं तथा पांचवें अभियुक्त संदीप की तलाश शुरू कर दी है।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक यशपाल सिंह बिष्ट, निरीक्षक खुशीराम पांडे एसओजी, वरिष्ठ उप निरीक्षक नवीन जोशी, उप निरीक्षक अमित कुमार, उप निरीक्षक राजकुमार, हेड कांस्टेबल संदीप राठी, हेड कांस्टेबल विपिन सैनी एसओ जी, कांस्टेबल सौरभ चौहान, कांस्टेबल संजीव छाबड़ा, कांस्टेबल रमेश मैठाणी, कांस्टेबल सौरव वालिया, कांस्टेबल तेजपाल, कांस्टेबल अभिषेक, कांस्टेबल दिनेश मेहर, कांस्टेबल नवनीत, कांस्टेबल सोनी कांस्टेबल मनोज शामिल थे।

15 नवम्बर से खुल जायेगा राजा जी नेशनल पार्क

हरिद्वार (चिंगारी)। जंगल के रोमांचक अनुभव के लिए राजाजी टाइगर रिजर्व के चार पर्यटक जोन के द्वार 15 नवंबर से पर्यटकों के लिए खुलने जा रहे हैं। नय पर्यटन सत्र को लेकर पार्क प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। सफारी ट्रेक को दुरुस्त करने का काम अंतिम चरण में है। साथ ही जंगल में वन्य जीवों के लिए नए जलस्रोत भी विकसित किए गए हैं। चिल्लावाली पर्यटक जोन के लिए एक सप्ताह की एडवांस बुकिंग हो चुकी है। अन्य पर्यटक जोन में भी एडवांस बुकिंग चल रही हैं।

34 राज्य आन्दोलनकारी सम्मानित



कोटद्वार (चिंगारी)। उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर स्थानीय प्रशासन द्वारा राज्य आंदोलनकारी जसबीर राणा, राजीव गौड़ एवं महेन्द्र रावत सहित 34 आंदोलनकारियों को एक समारोह के दौरान सम्मानित किया गया। कोटद्वार तहसील सभागार में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये पूर्व राज्य मंत्री उत्तराखण्ड छात्र युवा संघर्ष समिति के केन्द्रीय संयोजक जसबीर राणा ने शहीद आंदोलनकारियों को श्रृद्धांजलि अर्पित करते हुये कहा कि जिस उद्देश्य को लेकर राज्य आंदोलन की लड़ाई लड़ी गयी थी। छब्बीस वर्षों बाद भी हम उन उद्देश्यों की प्राप्ति में असफल साबित हुये है तथा राज्य हित में दोबारा आंदोलन की सख्त जरूरत है ताकि सरकारों से उत्तराखण्ड की। जनता को उनका हक हकूक दिलाया जा सके। समारोह में उपजिलाधिकारी संदीप कुमार, प्रभारी तहसीलदार राजेन्द्र सनवाल सहित बड़ी संख्या में आंदोलनकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



नशे की लत पूरी करने के लिए बाइक चुराने वाला पकड़ा गया

हरिद्वार (चिंगारी)। एसएसपी नवनीत सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने वाहन चोरों पर कड़ा एक्शन किया है। बहादराबाद पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को पकड़ा और उसकी निशानदेही पर चोरी की दस मोटर साइकिलें बरामद की हैं। पकड़े गये आरोपी ने बताया कि स्मेक के नशे की लत पूरी करने के लिए वह बाइक चोरी करता था। आरोपी ने गंग नहर किनारे जंगल की झाड़ियों में चोरी की दस मोटर साइकिलें छिपा रखीं थीं। आरोपी पहले भी वाहन चोरी के आरोप में जेल जा चुका है।

राज्य स्थापना दिवस पर 'साहित्यांचल' ने किया काव्य गोष्ठी का आयोजन

राज्य आंदोलन की यादों को जीवंत किया

कोटद्वार (चिंगारी)। साहित्यिक संस्था साहित्यांचल की ओर से राज्य स्थापना दिवस पर हिंदू पंचायती धर्मशाला में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से पहाड़ की पीड़ा, पलायन से खाली होते गांवों और उत्तराखंड राज्य आंदोलन की यादों को जीवंत किया।

सेवानिवृत्त शिक्षिका मीना डबराल द्वारा सरस्वती वंदना से गोष्ठी का आरंभ किया गया। तत्पश्चात संपत्ति नेगी ने अपनी गढ़वाली कविता के माध्यम से पलायन से खाली होते गांवों और चकबंदी के प्रणेता गणेश सिंह गरीब की पीड़ा को स्वर दिया। उनकी कविता गरीब जी की इखरी रट चकबंदी कारो फटाफट, ने श्रोताओं की सराहना बटोरी। अनुसूया प्रसाद डंगवाल ने मेरी पितृ भूमि मेरी देवभूमि, तेरी खुचली मा जन्मी मी धन्य हुयूं कविता से पहाड़ में जन्म लेने को सौभाग्य बताया। कांति नेगी ने उत्तराखंड की प्राकृतिक और सांस्कृतिक पहचान का बखान किया। शशिभूषण अमोली ने दिल्ली घूमू, मुंबई घूमू अर घूमू गुजरात, अपणा गौं गल्या, की हूंदी एक अलग ही बात कविता सुनाकर लोगों को अपने गांव की याद दिलाई। अमित नैथानी ने अपनी पुस्तक आस और प्रयास भेंट करते हुए काव्य पाठ किया। संस्था के अध्यक्ष सीपी नैथानी ने राज्य आंदोलन के दौरान लिखी कविता हे उत्तराखंड तू जाग जाग और राज्य गठन के बाद शहीद आंदोलनकारियों को समर्पित रचना सुनाकर आंदोलन की यादें ताजा कीं। संरक्षक शिव प्रकाश कुकरेती ने दूसरों के लिए दीप बनकर जलने का संदेश दिया। वहीं चित्रमणि देवलियाल, सुरेंद्र लाल आर्य और पीसी नवानी ने अपनी कविताओं से राज्य के संसाधनों का लाभ प्रदेशवासियों को देने की मांग उठाई। इस मौके पर जयवीर सिंह रावत, भुवन मोहन गुसाईं, हरधन ध्यानी और देवव्रत काला सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

बुलडोजर अब यूपी का ब्रांड

यहां बनेगा तो देश-विदेश में मांग खुद बढ़ेगी- योगी

लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बुलडोजर अब यूपी का ब्रांड बन चुका है। अगर कंपनियां यहां बुलडोजर और ट्रैक्टर बनाएंगी, तो देश-विदेश में इसकी मांग खुद ही बढ़ेगी। सीएम योगी सीएनएच इंडस्ट्रियल के नये ट्रैक्टर मैन्युफैक्चरिंग प्लांट की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में 1200 करोड़ से अधिक की लागत से यह प्लांट स्थापित हो रहा है।



मुख्यमंत्री योगी ने जेवर क्षेत्र के किसानों और जनप्रतिनिधियों की सराहना करते हुए कहा कि जिस क्षेत्र में कभी गोलियां चलती थीं और जो अपराध दर में सबसे ज्यादा बदनाम था, वह जेवर आज भारत के 'गहने' के रूप में निवेश का सर्वश्रेष्ठ गंतव्य बन चुका है। उन्होंने कहा कि नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और यीडा के विकास के साथ यह पूरा क्षेत्र एक बड़े औद्योगिक, आर्थिक और लॉजिस्टिक हब के रूप में विकसित हो रहा है। यहां एचसीएल फॉक्सकॉन का सेमीकंडक्टर प्लांट, मेडिकल डिवाइस पार्क, टॉय पार्क, एमएसएमई पार्क और डाटा सेंटर जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाएं आकार ले रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश के सामने पलायन, पिछड़ेपन और अराजकता जैसे कई प्रश्न थे। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य उपद्रव से उत्सव प्रदेश बन गया है। उत्तर प्रदेश ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, फियरलेस बिजनेस और ट्रस्ट ऑफ डूइंग बिजनेस में अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने बताया कि राज्य टॉप अचीवर रहा है और डीरेग्युलेशन में देश में प्रथम स्थान पर है। कभी बीमारू राज्यों में गिना जाने वाला यूपी आज बॉटम फाइव से बाहर निकलकर देश की टॉप 3 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गया है। राज्य 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि डबल इंजन सरकार के प्रयासों से पिछले साढ़े नौ वर्षों में प्रदेश को 50 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इनमें से 15 लाख करोड़ के निवेश धरातल पर उतर चुके हैं और आगामी इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से 7.50 लाख करोड़ रुपये के प्रस्तावों की ग्राउंड ब्रेकिंग होने जा रही है। उन्होंने बताया कि राज्य में फैक्ट्रियों की संख्या 14 हजार से बढ़कर 35 हजार हो गई है। एमएसएमई इकाइयां 1 करोड़ तक पहुंच चुकी हैं और स्टार्टअप की संख्या 120 से बढ़कर 25 हजार हो गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएनएच इंडस्ट्रियल का 100 एकड़ में बनने वाला यह प्लांट प्रदेश में कृषि यंत्रीकरण और आधुनिक निर्माण को नई गति देगा। 1200 करोड़ के इस निवेश से हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। भारत के ट्रैक्टर बाजार में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी साढ़े अठारह प्रतिशत है।

बिजनौर में अश्लील पम्फलेट चिपकाने से हड़कम्प मचा

बिजनौर (चिंगारी)। आज सुबह शक्ति चौराहे पर सीतापुर नेत्र चिकित्सालय के पास एक बोर्ड पर बेहद अश्लील, आपत्तिजनक और अशोभनीय भाषा में छपा पम्फलेट चिपका देख हड़कम्प मच गया। इस पम्फलेट पर शहर के एक स्कूल की शिक्षिकाओं व छात्राओं के बारे में अश्लील बातें छपी हुई थीं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पम्फलेट को हटाया। पुलिस का कहना है कि पम्फलेट चिपकाने वाले व्यक्ति की पहचान की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। आरोपी की पहचान होने पर उसके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी।



सभी जनपदवासियों को गंगा स्नान की हार्दिक शुभकामनाएं

HONDA
शुभ नवरात्री शुभ दीपावली
त्योहारों की खुशियाँ मनाएं
चौधरी होंडा के साथ
आज ही अपनी पसंदीदा बाइक/स्कूटर
बुक करें या खरीदें और पाएं
Shine 100 DX
ACTIVA 110
₹2100/- का SAMSUNG MOBILE बिल्कुल FREE
₹70445* ₹65445*
डाउन पेमेंट ₹5100*
एक्सचेंज बोनस ₹2000*
कैशबैक ₹10000*
कम किश्त ₹2499*
चौधरी होण्डा
स्टेशन रोड, बिजनौर
मण्डावर ब्रांच- बिजनौर रोड निकट बिजली घर, मण्डावर, बिजनौर
M. 9927224422, 8958224422

Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt
Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
सभी को गंगा स्नान की हार्दिक शुभकामनाएं
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF le Coper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

सभी को गंगा स्नान की हार्दिक शुभकामनाएं
Kajaria
TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर